


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 173 | ग्वालियर बुधवार, 12 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### भारत में इस साल कैसा रहेगा मॉनसून



**नई दिल्ली।** भारत में इस साल मॉनसून को लेकर मौसम विभाग ने मंगलवार (11 अप्रैल) को लंबी दूरी के दक्षिण-पश्चिम मॉनसून पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौसम विभाग के सेक्रेटरी एम रविचंद्र और मौसम विज्ञान विभाग के डायरेक्टर जनरल मृत्युंजय मोहपात्रा ने मीडिया को अपडेट जानकारी दी. पहले रविचंद्र ने बताया कि इस साल जून से लेकर सितंबर तक नॉर्मल मॉनसून देखा जाएगा. उन्होंने कहा कि इस साल एल नीनो के प्रभाव के बीच ये आशंकाएं लगाई जा रही थी कि बारिश में कमी देखने को मिलेगी. मौसम विभाग ने इसको लेकर एक डेटा के माध्यम से बताया कि 1951 से 2022 तक एल नीनो की स्थिति में छह साल ऐसे थे जिसमें नॉर्मल से एबव नॉर्मल बारिश देखने को मिली थी. मौसम विभाग के मुताबिक इस साल जुलाई से लेकर सितंबर महीने तक 83.55 एमएम बारिश देखने को मिलेगी. इस साल जून से लेकर सितंबर तक 96त्न रेनफॉल रिकॉर्ड किए जाने की संभावना है और ये नॉर्मल रेनफॉल कैटेगरी में आता है. इस डेटा को सांख्यिकीय और गतिशील तरीके से इस्तेमाल करके निकाला गया है. इसके अलावा पेनिंसुलर इंडिया, ईस्ट इंडिया, ईस्ट सेंट्रल और नॉर्थ ईस्ट में नॉर्मल रेनफॉल की संभावना. वहीं, मॉनसून के दूसरे चरण में एल नीनो का प्रभाव देखा जा सकता है. प्रशांत महासागर में पेरू के पास सतह का गर्म होना अल नीनो कहलाता है. अल नीनो की वजह से समंदर के तापमान, वायुमंडल में बदलाव होता है. बदलाव की वजह से समंदर का तापमान 4-5 डिग्री तक बढ़ जाता है. अल नीनो की वजह से पूरी दुनिया के मौसम पर असर पड़ता है. साल 2023 के लिए मॉनसून पूर्वानुमान पर मौसम विभाग ने कहा कि हमने अलग-अलग रीजन में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है. जैसे राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी मध्य प्रदेश में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है. वहीं, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के कुछ हिस्सों के साथ-साथ जम्मू कश्मीर और लद्दाख में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है. ओडिशा, छत्तीसगढ़ में सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है. कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल, दक्षिण तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है. बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है, जबकि कुछ हिस्सों में सामान्य से कम बारिश भी हो सकती है.

### श्रावस्ती में निकाय चुनाव के दौरान इस्तेमाल के लिए बन रहे अवैध असलहे बरामद



**नई दिल्ली।** यूपी के श्रावस्ती में 4 मई को निकाय चुनाव के लिए मतदान होना है. इससे पहले श्रावस्ती में चुनाव में इस्तेमाल करने के लिए भारी मात्रा में असलहों का निर्माण कराया जा रहा था. पुलिस ने इसकी भनक लगते ही इस अवैध असलहे की फैक्ट्री का खुलासा कर दिया है. इस मामले में तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. एसपी प्राची सिंह ने प्रेस कान्फ्रेंस करके मामले का खुलासा किया. उन्होंने बताया कि पूरा मामला उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जनपद के थाना इकौना के मध्य नगर काशीराम कॉलोनी का है, जहां पर दिनेश यादव नाम का शातिर अपराधी अपने दो दोस्तों रामदयाल विश्कर्मा और रिंकू विश्कर्मा के साथ अवैध असलहों की फैक्ट्री चला रहा था. यहां पर निकाय चुनाव में इस्तेमाल के लिए बड़ी संख्या में असलहों का निर्माण कराया जा रहा था. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है. एसपी ने बताया कि पुलिस ने एक बड़ी घटना की साजिश को विफल करते हुए इस मामले का खुलासा कर दिया है. पूरी फैक्ट्री का खुलासा किया गया है. घटनास्थल से छह अवैध तमंचे और बड़ी संख्या में जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं. वहां से असलहे बनाने के यंत्र भी पुलिस ने जब्त किए हैं. अब पुलिस इसके खरीदारों का पता लगाने में जुटी है. आखिर ये हथियार किसी के लिए तो बनाए जा रहे होंगे. इनका खरीदार कौन था, इसका पता लगाया जा रहा है.

### मल्लिकार्जुन खरगे के फोन पर एक्टिव हुए नीतीश कुमार

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार (11 अप्रैल) की शाम दिल्ली के लिए रवाना हो गए. दिन से ही ऐसी खबर थी कि सीएम दिल्ली दौरे पर जाने वाले हैं. एक बार फिर से वो विपक्षी एकता को एकजुट करने की कोशिश करेंगे. मंगलवार को सीएम नीतीश कुमार अपने आवास के पिछले दरवाजे से निकले और एयरपोर्ट के लिए चले गए. उन्होंने कोई बयान नहीं दिया. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ जल संसाधन मंत्री संजय झा भी दिल्ली के लिए रवाना हुए. कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली में तमाम विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात करेंगे. बीजेपी को किस तरीके से केंद्र की सत्ता से हटाया जाए इसको लेकर रणनीति बनाई जाएगी. नीतीश कुमार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से भी मिलेंगे. बता दें कि पहले भी मुख्यमंत्री ने यह पहल की थी कि विपक्षी एकता को एकजुट कर बीजेपी के खिलाफ एक साथ लड़ाई लड़ी जाए.

## मप्र में कोरोना की स्थिति पर सीएम शिवराज का दावा


**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में कोरोना महामारी धीरे-धीरे पैर पसार रही है. कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने दावा किया है कि स्थिति कंट्रोल में है. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश के अस्पतालों में दो दिवसीय मॉक ड्रिल किया जा रहा है. चिंता की बात नहीं है, सरकार सावधान है. प्रदेश में सभी ऑक्सीजन प्लांट चालू हालत में हैं. मॉक ड्रिल कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया जा रहा है. एक दिन पहले राजधानी भोपाल के हमीदिया अस्पताल में मॉक ड्रिल की गई. इस दौरान उच्च शिक्षा और चिकित्सा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग मौजूद रहे. मॉक ड्रिल के दौरान हमीदिया अस्पताल में कोरोना मरीज को भर्ती कराया गया. एंबुलेंस से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी पीपीई किट



पहनकर मरीज को लेकर आए. हमीदिया अस्पताल में एंबुलेंस के आते ही अस्पताल का अमला अलर्ट मोड पर आ गया. आनन फानन कोरोना के मरीज को इमरजेंसी वार्ड में ले जाया गया. स्वास्थ्य मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मरीज के स्वास्थ्य संबंध में डॉक्टरों से जानकारी भी ली.

कुछ दिन पहले तक 12 जिलों में कोरोना के मरीज सामने आए थे, फिलहाल 10 जिलों में कोरोना के मरीज हैं. भोपाल में 69, इंदौर में 46, जबलपुर में 19, नर्मदापुरम में 11, सतना में 2, उज्जैन में 3, ग्वालियर में 4, रायसेन 2, खंडवा 1 और दतिया में एक मरीज कोरोना पॉजीटिव है. सभी मरीज होम आइसोलेशन में हैं. कोरोना के सबसे ज्यादा मरीज राजधानी भोपाल में हैं. भोपाल में तीन दिन पहले तक 113 कोरोना के पॉजिटिव मरीज थे. 59 मरीजों के उबरने के बाद अब संख्या घटकर 69 हो गई है. दूसरे नंबर पर इंदौर में 46 कोरोना के मरीज हैं.

## अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न था, है और रहेगा, भारत ने चीन को दिया करारा जवाब, अमित शाह के दौरे पर जताई थी आपत्ति



***नई दिल्ली।** भारत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर चीनी बयान की निंदा की है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने मंगलवार को कहा कि हम चीनी आधिकारिक प्रवक्ता की ओर से की गई टिप्पणियों को पूरी तरह से खारिज करते हैं. उन्होंने कहा कि भारतीय नेता नियमित रूप से अरुणाचल प्रदेश राज्य की यात्रा करते हैं जैसे वे भारत के किसी अन्य राज्य की यात्रा करते हैं. अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और रहेगा. इस तरह की यात्राओं पर आपत्ति करना तर्कसंगत नहीं है और इससे उपरोक्त वास्तविकता नहीं बदलेगी.*

## गुजरात की साबरमती जेल से अतीक यूपी के लिए रवाना

**नई दिल्ली।** उमेश पाल हत्याकांड के बाद माफिया अतीक अहमद पर कानून का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है. अब उसे गुजरात की साबरमती जेल से प्रयागराज ले जाया जा रहा है. पुलिस अतीक को लेकर यूपी के लिए रवाना हो गई है. अतीक अहमद को लाने के लिए जो पुलिस टीम गुजरात भेजी गई है उसमें एक असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर और 2 इंस्पेक्टर के साथ ही 30 कॉन्स्टेबल हैं. बताया गया है कि अतीक को लाए जाने का पूरा पैटर्न पहले की तरह की होगा. उसे इस बार भी उसी रास्ते से लाए जाने की तैयारी है जिस रास्ते से पिछली बार लाया गया था. अतीक को लाने के लिए जो प्रिजन वैन भेजी गई है, उसमें बायोमेट्रिक लॉक लगा हुआ है. यानी इसे मैनुअल तरीके से नहीं खोला जा सकेगा. अतीक को लाने के लिए पुलिस वालों ने अपनी बॉडी पर कैमरा लगा ताकि अतीक को साबरमती से प्रयागराज ले जाने की पूरी वारदात रिकॉर्ड हो सके. प्रयागराज पुलिस अपनी कस्टडी में लेने के बाद दोनों भाइयों का आमना-सामना भी करा सकती है.

दरअसल, अब अतीक और उसके बेटे अली समेत 13 के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की गई है. प्रयागराज की धूमनगंज पुलिस ने यह मामला दर्ज किया है.दरअसल, प्रयागराज की जाफरी कॉलोनी निवासी साबिर की शिकायत पर पुलिस ने अतीक अहमद, उसके पुत्र अली, असलम मंत्री, असद कालिया, शकील, शाकिर, सबी अब्बास, फैजान को एक करोड़ की रंगदारी, जानलेवा हमला



व हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है. जेल से साजिश नामी, अफ्फान, महमूद, मौद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. साबिर ने पुलिस को बताया कि 14 अप्रैल 2019 को वह अपने चकिया स्थित आवास पर था. इसी दौरान अतीक अहमद के कहने पर उसका बेटा अली अपने अन्य साथियों के साथ हथियार लेकर पहुंच गया. उसके पास पिस्टल और रायफल थी. वे सभी घर के बाहर खड़े हो गए और उसे बुलाने लगे. एफआईआर होने के बाद अतीक को लेने पुलिस साबरमती जेल पहुंची है. अतीक का बी वारंट पहले से जारी है. अतीक को कभी भी प्रयागराज लाया जा सकता है. अहमद को एक बार फिर साबरमती जेल से प्रयागराज लाए जाने की तैयारी हो रही है. प्रयागराज पुलिस की एक टीम आज फिर गुजरात की साबरमती जेल पहुंची है. उमेश पाल शूटआउट केस में प्रयागराज पुलिस ने पहले ही कोर्ट से बी वारंट हासिल कर लिया है. बी वारंट पर कोई तारीख निर्धारित नहीं की गई थी. एक पुराने मुकदमे में अतीक अहमद से जेल में पूछताछ कर बयान दर्ज करने के लिए भी पुलिस ने पहले ही कोर्ट से मंजूरी ली हुई है. हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि प्रयागराज पुलिस है अतीक अहमद का बयान दर्ज करने के लिए साबरमती जेल पहुंची है या फिर उसे लाने के लिए. माना जा रहा है कि अतीक को प्रयागराज लाकर उमेश पाल मर्डर केस में भी उसका ज्यूडिशियल कस्टडी रिमांड बनवाया जा सकता है. इसके बाद पुलिस अपनी कस्टडी में लेने के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल करेगी.



## सदस्यता रद्द होने के बाद पहली बार वायनाड पहुंचे राहुल गांधी का रोड शो

**नई दिल्ली।** सदस्यता रद्द होने के बाद कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी मंगलवार (11 अप्रैल) को वायनाड पहुंचे. पूर्व सांसद ने वायनाड में रोड शो किया. इस दौरान उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं. रोड शो के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि पूरी सरकार एक व्यक्ति (अडानी) को बचाने में लगी है. सरकार विरोध की आवाज को दबाना चाहती है. कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मैं 2019 में पहली बार वायनाड आई थी जहां मैंने आप लोगों को अपने भाई के बारे में कई बातें बताई थी. जो आप लोगों को पता होनी चाहिए. राहुल सच बोलने से नहीं डरते हैं. राहुल गांधी को एक ऐसा सवाल पूछने के लिए अयोग्य ठहराया गया था जिसका वे (बीजेपी) जवाब नहीं दे सके. उन्होंने कहा कि पूरी सरकार गौतम अडानी का बचाव करने की कोशिश कर रही है. पीएम अडानी का बचाव कर रहे हैं. पीएम हर दिन अपने ड्रेसिंग स्टाइल में बदलाव कर रहे हैं, लेकिन आम लोगों की जीवनशैली में कोई बदलाव नहीं आया है. वे नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे हैं. प्रियंका गांधी ने कहा कि गुजरात की एक अदालत ने एक निर्णय पारित किया जिसके बाद सरकार ने उन्हें (राहुल गांधी) संसद से अयोग्य घोषित कर दिया. सवाल पूछना, जवाबदेही की मांग करना, मुद्दे उठाना सांसद का काम है. मुझे ये बात अजीब लगती है कि पूरी सरकार यहां तक कि प्रधानमंत्री मोदी भी इसे अनुचित मानते हैं और एक आदमी पर बेरहमी से हमला करते हैं क्योंकि उसने एक ऐसा सवाल पूछा है जिसका वे जवाब नहीं दे सकें.

## विधानसभा चुनाव से पहले दूध को लेकर कर्नाटक में सियासी संग्राम

**नई दिल्ली।** 10 मई 2023 को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा लेकिन उसके पहले कर्नाटक में अमूल ब्रांड की एंट्री प्रदेश में सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन चुका है. कर्नाटक में स्थानीय दूध और डेयरी ब्रांड नंदिनी बेहद लोकप्रिय है. लेकिन अमूल के एंट्री के एलान के बाद से कांग्रेस और बीजेपी के बीच चुनावी घमासान शुरू हो चुका है. नंदिनी का कर्नाटक के दूध और डेयरी मार्केट में वर्चस्व है. नंदिनी और अमूल के बीच घमासान तब शुरू हुआ जब अमूल ने एलान किया कि वो कर्नाटक में डेयरी प्रोडक्ट्स ऑनलाइन और ई-कॉमर्स मार्केट्स के जरिए बेचेगी. हालांकि कर्नाटक में ये आशंका गहरा गई कि अमूल के एंट्री से नंदिनी ब्रांड को झटका लगेगा और बेंगलुरु मार्केट में उसका वर्चस्व खत्म हो जाएगा.

दूध के बाजार में नंदिनी और अमूल के बीच वर्चस्व की लड़ाई के मसले ने राजनैतिक मोड़ ले लिया. कांग्रेस ने सत्ताधारी दल बीजेपी पर नंदिनी ब्रांड को अमूल से मिल रही चुनौती को कर्नाटक के अस्मिता से जोड़ दिया. और अमूल की एंट्री का मामला अब सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन चुका है. पर क्या आप जानते हैं कि अमूल के लिए नंदिनी को कर्नाटक में चुनौती देना इतना आसान नहीं है. क्योंकि नंदिनी जिस कीमत पर अपने दूध वहां के बाजार में बेचती है अमूल का उसके आगे टिकना बेहद मुश्किल है. कर्नाटक कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स फेडरेशन के नंदिनी ब्रांड और गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के अमूल ब्रांड के दूध की कीमतों की तुलना करें तो नंदिनी अमूल पर भारी पड़ता है. अमूल के मुकाबले नंदिनी के दूध की कीमतें बेहद कम है. नंदिनी के टोंड दूध की कीमत केवल 39 रुपये प्रति लीटर है जिसमें 3 फीसदी फैट और 8.5 फीसदी एसएनएफ मौजूद है. इसके मुकाबले अमूल के टोंड मिल्क की कीमत दिल्ली में 52 रुपये और गुजरात में 54 रुपये प्रति लीटर है. नंदिनी के फुल-क्रीम दूध के कीमतों पर नजर डालें तो अमूल के फुल क्रीम दूध जिसमें 6 फीसदी फैट और 9 फीसदी एसएनएफ है उसे अमूल राजधानी दिल्ली में 66 रुपये प्रति लीटर तो गुजरात में 64 रुपये प्रति लीटर में बेचती है. जबकि नंदिनी 900 एमएल फुल क्रीम दूध का पैकेट केवल 50 रुपये में 450 एमएल फुल क्रीम दूध का पैकेट 24 रुपये में बेचती है. मार्च तक नंदिनी इस दूध के एक लीटर पैक को 50 रुपये और 500 एमएल के पैक को 24 रुपये में बेचती थी. लेकिन नंदिनी ने लागत बढ़ने के बाद पैकेट साइज को छोटा कर दिया लेकिन कीमतें में कोई बदलाव नहीं किया गया. यानि अमूल के फुल क्रीम दूध के मुकाबले नंदिनी के फुल क्रीम दूध की कीमत बेहद कम है. नंदिनी के दही की कीमत केवल 47 रुपये किलो है जबकि अमूल के 450 ग्राम के दही के पैकेट की कीमत 30 रुपये है यानि एक किलो अमूल दही की कीमत 66 रुपये प्रति किलो बनता है. कीमतों पर नजर डालें तो अमूल का नंदिनी से मुकाबला करना संभव नहीं है. नंदिनी के दूध की कीमत देश में सबसे कम है.

## जयपुर में सचिन पायलट का अनशन खत्म

**नई दिल्ली।** वसुंधरा राजे की सरकार के समय हुए कथित भ्रष्टाचार को लेकर मंगलवार (11 अप्रैल) को जयपुर में कांग्रेस नेता और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने अनशन किया. पायलट भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. दिलचस्प है कि राज्य में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार है. राज्य में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. गहलोत और पायलट के बीच पुरानी अदावत रही है.

शाम के करीब चार बजे अनशन खत्म करने के बाद पायलट ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी मुहिम और आंदोलन जारी रहेगा. उन्होंने कहा, वसुंधरा राजे के कार्यकाल में जब हम विपक्ष में थे तो हमने बहुत सारे घोटालों और भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर किया था. हमने जनता से वादा किया था कि जब हम सरकार में आएंगे तब वसुंधरा की सरकार के दौरान तमाम जो घोटाले हुए उसके खिलाफ प्रभावशाली कार्रवाई करेंगे. अब जब हम सरकार में हैं. 4 साल से ज्यादा का समय बीत गया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई इसलिए आज मैंने अनशन रखा. पायलट ने कहा कि हमने चुनाव में वादा किया था कि भू माफिया, शराब माफिया और खनन माफिया के खिलाफ कारवाई करेंगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ. उन्होंने बताया कि इसको लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लेटर लिखा था, लेकिन फिर भी कुछ नहीं हुआ. इसका जवाब भी नहीं आया. कांग्रेस के राजस्थान मामलों के प्रभारी महासचिव सुखजिंदर रंधावा ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया था कि उन्होंने पायलट से बात की है और उनसे अपनी ही सरकार के खिलाफ जनता के बीच जाने के बजाय पार्टी के मंच पर मुद्दों को उठाने के लिए कहा है. रंधावा ने कहा कि मैंने निजी तौर पर सचिन पायलट को फोन किया और उनसे इस तरह जनता के बीच जाने के बजाय पार्टी के मंचों पर ऐसे मामले उठाने को कहा है. उन्होंने कहा कि ऐसी किसी कार्रवाई या अनशन का औचित्य नहीं है और सभी मामले पार्टी के मंच पर उठाए जाने चाहिए, न कि इस तरह सार्वजनिक रूप से ऐसा कोई भी कदम पार्टी विरोधी गतिविधि माना जाएगा. रंधावा के इस बयान पर सचिन पायलट ने अनशन खत्म करने के बाद कहा कि उन्हें पद कुछ ही दिन पहले दिया गया है. उनसे पहले यह पद संभाल रहे शख्स से भी मैंने बात की थी, लेकिन भ्रष्टाचार का मुद्दा अभी भी बना हुआ है. हमें भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलना चाहिए और इसको लेकर लड़ाई जारी रहेगी. रंधावा के पार्टी मंच पर पहले मुद्दे को उठाना चाहिए वाले बयान पर पायलट ने कहा कि संगठन को लेकर कुछ बात होती तो वो ऐसा जरूर करते, लेकिन ऐसा नहीं है.



# पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी में ली गई पहली क्राइम मीटिंग

## समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही संबंधी निर्देश दिये एवं अपराधों की समीक्षा की

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-शिवपुरी कंट्रोल रूम मैं पुलिस अधीक्ष शिवपुरी रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे जिले के समस्त एसडीओपी एवं समस्त थाना प्रभारियों के साथ पहली क्राइम मीटिंग ली । क्राइम मीटिंग मे सर्व प्रथम पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा सभी अधिकारियों से परिचय किया एवं थानावार उपलब्धियों व आगामी लक्ष्यों के बारे मे जानकारी ली । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा क्राइम मीटिंग मे निम्न दिशानिर्देश दिये । पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को थाने के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने एवं सभी थाने प्रितिस्पर्धा करते हुये अच्छे से अच्छा काम करने हेतु निर्देशित किया ।

समस्त थाने थाना परिसर मे पैड़ पौधों एवं फूलों के गमले रखें एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें ।पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारियों को बताया गया कि, थाने पर आने बाले पीड़ति के साथ दुरुव्यवहार न करें एवं नैतिकता के साथ व्यवहार करते हुये उनकी समस्या को सुने एवं वैधानिक कार्यवाही करें । थानों पर दिन एवं रात्री मे ड्यूटी अफसर थाने पर मौजूद रहे एवं ड्यूटी ऑफिसर का मोबाइल नंबर थाने की दीवाल पर चस्पा हो । थाने पर प्राप्त होने बाली छोटी-छोटी शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही करें, ताकि भविश्य मे घटना बड़ी न हो




सके। जुआ, सट्टा, अवैध शराब, अवैध उत्खनन, शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा, राशन माफिया, नार्कोटिक्स ड्रग ग्रोह आदि पर शक्ति से कार्यवाही करें ।बलात्संग, पोक्सो एक्ट मे आरोपियों के बिरुद्ध तुरत कार्यवाही करें एवं आरोपियों के खिलाफ एनएसए की कार्यवाही करें ।संपत्ती संबंधी अपराधों (चोरी, नकबजनी, लूट, डकैती) मे कमी लायें एवं तुरत कार्यवाही करते हुये घटना का पर्दाफास कर आरोपियों की गिरफ्तारी करेंगे । आरोपियों की जेल रिहाई की जानकारी रखें ।समस्त थाना प्रभारी थाना क्षेत्र के एवं पड़ोसी थाना क्षेत्र के आरोपियों की प्रोफाइल तैयार करेंगे । समस्त थाने वारंट तामीली के लिये विशेष अभियान चला कर ज्याता से ज्यादा वारंटों की तामील करेंगे । 82/83 की कार्यवाही करेंगे गंभीर अपराधों मे 24 घंटे के अंदर आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करेंगे ।नाबालिक बालक बालिकोओं के गुम होने पर तत्काल कार्यवाही करते हुये जल्द से दस्तयाबी की कार्यवाही करेंगे । सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुये संतुष्टी पूर्वक निराकरण करें, एवं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण का प्रतिशत 90 से अधिक होना चाहिये। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का तीन दिवस के अंदर स्टेटस अपडेट करें एवं सात दिन के अंदर निराकरण करें। थाने पर आरोपियों को अनावश्यक न रखें, साबधानी बरतें एवं कैमरे की निगरानी मे ही रखें । समस्त थाना प्रभारी शाम के समय क्षेत्र मे पैदल पेट्रोलिंग करें ताकि क्षेत्र मे पुलिस की उपस्थिति दिखे।



## अखिल भारतीय धोबी महासंघ के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष बलबीर रामस्वरूप रजक

**पुष्पांजलि टुडे**

निवौरिया जी के निर्देश पर संपूर्ण प्रदेश से अखिल भारतीय धोबी महासंघ के पदाधिकारीगण, सदस्य संयुक्त मोर्चा रजक समाज नेतृत्व रजक अधिकार के लिए उपवास धरना प्रदर्शन व मुख्यमंत्री निवास घेराव करने के लिए भोपाल पहुचे इसी कार्यक्रम श्री बलबीर निवौरिया के नेतृत्व में मुंबई से भोपाल एयरपोर्ट पहुचे राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कन्नौजिया जी का एयरपोर्ट पर फूलमाला से स्वागत किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कन्नौजिया ने संयुक्त मोर्चा के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर रजक समाज को विश्वास दिलाया जब भी आप मुझे याद करेंगे में आपके बीच उपस्थित रहूंगा आपके हक अधिकार के लिए आपके साथ कंधे से कंधा मिलकर लड़ूंगा।

## दिलावर हसन बने रन्नौद ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष

**संवाददाता प्रदीप जैन रन्नौद**



हाल ही में जिला शिवपुरी कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष विजय सिंह चौहान द्वारा पूर्व की कार्यकारणी को भंग कर नई टीम का गठन किया है जिसमें कुछ ब्लॉक अध्यक्ष तो रिपीट किए हैं और रन्नौद ब्लॉक अध्यक्ष को बदल कर युवा ऊर्जाबान अध्यक्ष नियुक्त किया है दिलावर हसन के ब्लॉक अध्यक्ष बनते ही छेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है और कांग्रेस में नई ऊर्जा का संचार हुआ है नगर बा छेत्र के लोगो ने दी बधाई और शुभकामनाएं।

## जिला पंचायत सदस्य ने जन सुनवाई मैं आवेदन के माध्यम से मांगी प्राइवेट थाना खोलने की अनुमति

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- शिवपुरी जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर मैं मंगलवार को हुई जन सुनवाई के दौरान जिला पंचायत क्षेत्र वार्ड क्रमांक-15 सदस्य मनीराम लोधी ने अलग सी मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर साहब को आवेदन दिया जिसमें उन्होंने बताया कि शिवपुरी जिले की जनता जनार्दन की मांग है कि स्कूल प्राइवेट है, अस्पताल प्राइवेट है. बिजली प्राइवेट है तो एक थाना आप ही अपने क्षेत्र में प्राइवेट खुलवा लीजिए जनाता की मांग के अनुसार हम आपसे निवेदन करते है कि जिला पंचायत क्षेत्र शिवपुरी के वार्ड क्रमांक 15 में एक प्राइवेट थाना खोले जाने कि परमिशन दे ताकि आम जनता कि सुनवाई अच्छे से हो सके। जिला पंचायत सदस्य का मानना है कि जब प्राइवेट स्कूलों में पढाई अच्छी होती है। तब लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते है तो गर्वमेन्ट को कोई आपत्ति नही होती है। प्राइवेट विद्युत अच्छी मिलती है। तो गर्वमेन्ट



ने विद्युत विभाग को प्राइवेट कर दिया ऐसा मानना सरकार का है और प्राइवेट अस्पताल में अच्छा इलाज होता है। तो प्राइवेट अस्पतालें भी खुलवा दी और सभी लोग अपना अच्छा इलाज कराने के लिये सरकारी अस्पताल में न जाकर प्राइवेट अस्पताल में इलाज करावाने के लिये जाते है। इसका मतलब यह हुआ सरकारी दफ्तरों में बैठे हुये सरकारी अधिकारी सही से काम नहीं करते है। सरकार का यही मानना हुआ लगता है। तो जनता को भी लगने लगा है कि सरकारी थानों में हमारी सुनबाई अच्छे से नहीं हो रही है। और सरकारी पुलिस अच्छे से काम नहीं कर रही है तो जनता कि मांग को प्राथमिकता देते हुए एक थाना प्राइवेट भी मुझे खोलने की अनुमति दी जाए जिस पर कलेक्टर साहब ने धारयो का हवाला देते हुए कहा हैं कि इस प्रकार का कोई एक्ट अभी पारित नही हुआ है जिस पर अभी कोई कार्यवाही नही की जा सकती।

## शिवपुरी ग्रामीण कांग्रेस के पुनः अध्यक्ष बने के पी रावत


**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी-अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय मल्कार्जुन खडगे जी की मन्सानुसार प्रदेश अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी द्वारा माननीय विधायक पिछोर श्री केपी सिंह कक्का जू, माननीय रामनिवास रावत जी मप्र कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष, माननीय श्री जयवर्धन सिंह (बाबा साहब)माननीय श्री अशोक सिंह जी यादव कोषाध्यक्ष मप्र कांग्रेस कमेटी एवं जिलाध्यक्ष आदरणीय श्री विजयसिंह चौहान जी एब श्रीमती रश्मि पवार शर्मा संगठन प्रभारी जिला शिवपुरी द्वारा केपी सिंह रावत को शिवपुरी ग्रामीण कांग्रेस कमेटी शिवपुरी का पुनः अध्यक्ष बनाया इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सहित मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव भरतसिंह रावत, बासित अली अध्यक्ष नागरिक बैंक सरनाम सिंह रावत, गोपाल रावत मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण रावत मंडल अध्यक्ष लक्खी रावत मंडल अध्यक्ष मेहरबान यादव मंडल अध्यक्ष महाराज सिंह रावत मंडल अध्यक्ष घनश्याम यादव मंडल अध्यक्ष विकास रावत मंडल अध्यक्ष देवेंद्र धाकड़ मंडल अध्यक्ष वीर सिंह गुर्जर मंडल अध्यक्ष दिनेश रावत का का मंडल अध्यक्ष करतार सिंह गुर्जर श्यामलाल ओझा रामहेत आदिवासी आदि प्रमुख नेताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## आरटीओ चेक पोस्ट सिकंदरा बना अवैध वसूली का गढ़





### हर आने जाने बाले ट्रकों से की जाती हैं अवैध रूप से वसूली

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-शिवपुरी जिले के दिनारा मैं बने आरटीओ चेक पोस्ट हमेशा से ही विवादों में घिरा रहा हैं आज भी उस का विवाद खत्म होने का नाम नही ले रहा हैं मंगलवार को जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर मैं हुई जान सुनवाई के दौरान एक ट्रक ड्राइवर ने आवेदन के माध्यम से अपनी फरियाद कलेक्टर साहब को सुनाते बताया कि वह एक ट्रक ड्राइवर हैं और वह अपनी गाड़ी को लेकर लखनऊ से कोटा जा रहा था और उसकर पास गाड़ी के समस्त कागजात होते हुए भी आरटीओ. चेक पोस्ट पर उससे 2000 ले लिए गए इसके बावजूद भी किसी भी प्रकार की कोई पर्ची या चालान नहीं देते हैं अगर एंट्री फीस नहीं देते हैं तो गाड़ी के रजिस्ट्रेशन और परमिट रख लिया जाता है जिससे कई ड्राइवरों परेशानी हो रही है और अगर ड्राइवर पैसे नहीं देते हैं तो उनके साथ मारपीट की जाती है जिसके लिये आरटीओ बालों ने अलग से गुंडे पाल रखे हैं जिनके बल पर मेहर ट्रक ड्राइवरों के साथ मारपीट करते हैं

**आरटीओ चेकपोस्ट के अधिकारी नहीं देते मिलने का समय**-आरटीओ चेक पोस्ट पर जो भी ट्रक ड्राइवर या मीडिया करें या अन्य कोई व्यक्ति आरटीओ के अधिकारी से मिलने का समय मांगता है तो आरटीओ चेक पोस्ट पर लगे गार्ड और गुंडे उनको अधिकारी से मिलने नहीं देते हैं और दादागिरी कर भगा देते हैं ऐसे में कोई भी ट्रक ड्राइवर अपनी फरियाद अधिकारी तक नहीं पहुंचा पाता और ना ही उनको बता पाता कि आरटीओ चेकपोस्ट वाले उनसे किस प्रकार से लूट और अवैध वसूली कर रहे हैं हालांकि यह पूरा मामला अधिकारियों के नजर में ही चलता है और अधिकारियों खुद इस पूरे अवैध वसूली को संचालित करते हैं जिस कारण अधिकारियों ने ही अपने गार्डो से और गुंडों से पहले से ही बोल रखा है कि कोई भी व्यक्ति अंदर ना आ पाए सिर्फ उनका काम है लोगों को रोकना और अवैध वसूली करना।

## गरियाबंद खेत में ज़हर देकर मारा तेंदुए को खाल बेचने की फिराक में पकड़े गए तीन आरोपी

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद। बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है वीडियो में 5 बाघ रोड क्रास करते हुए नज़र आ रहे है और लोग भी इस वीडियो को अपने वाटस्प के स्टेट्स में रख कैप्शन में बारुका लिख रहे है कुछ लोग इसे बाहर का वीडियो मान रहे है तो कुछ इसे बारुका कि होने कि बात कह रहे है क्यूकी बारुका के पास गरियाबंद मार्ग पर अधिकतर रात में आने वाले मुसाफ़िरों को तेंदुए को रोड क्रास करते देखे भी गया है, हालाकि ये वीडियो कहा का है कब का है इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है !और आज गरियाबंद की विशेष पुलिस टीम की द्वारा पीपरछेडी थाना अंतरगत एक गांव में तेंदुए का खाल पकड़ा गया हैं;घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार पिपरछेडी थाना अंतर्गत ग्राम कोपेकेशा के एक घर में तेंदुए की खाल होने की जानकारी पुलिस विभाग की विशेष टीम को मिली, खबर की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले को दिया गया वही पुलिस अधीक्षक के मार्गदशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश सिंह ठाकुर- एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक के दिशा निर्देश में सिटी कोतवाली गरियाबंद एवं स्पेशल टीम के द्वारा संयुक्त रूप से भ्रमण दौरा मुखबीर सूचना मिला कि तीन व्यक्ति अवैध रूप से संरक्षित वन्य जीव तेन्दुआ के





खाल को बिकी करने के लिए ग्राहक की तलाश करते हुए बारूला पैरी नदी के पास घुम रहे हैं। उक्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा रेड कार्यवाही कर तीनों संदेहियों से नाम पता पुछने पर अपना अपना नाम (1) महेत्तर राम ठाकुर, 02. धनसिंग नेताम, 03. लेखराम साहू बताये जिसके बाद मौके पर पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताये कि महेत्तर राम ठाकुर ने तेन्दुआ को खेत में किटनाशक जहर देकर मारना तथा अन्य साथी धनसिंग नेताम व लेखराम साहू के साथ मिलकर खाल को निकालकर नमक डालकर सुखाना, दांत, नाखून, मुंछ व अस्थिपंजर को जलाकर नष्ट करने की बात बताये तथा खाल को एक सफेद बोरी में मोड़कर धनसिंग नेताम और लेखराम साहू के साथ पैरी नदी बारूला पुल नीचे छुपाकर रखने की जानकारी दिये। कार्यवाही करते हुए आरोपियों के पेश करने पर मौके पर ही एक नग तेन्दुआ का खाल, एक नग लोहे का टंगिया तथा एक नग लोहे की छुरी को जप्त किया गया। आरोपीयो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

## सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के 50 प्रतिशत कार्य 15 अप्रैल तक करे पूर्ण में

### बेरोजगारी भत्ता के लिए प्राप्त आवेदनों के सत्यापन में लाएं तेजी

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**गरियाबंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023, बेरोजगारी भत्ता योजना एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रगतिरत कार्यक्रमों की चर्चा कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सामाजिक आर्थिक सर्वे की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए सर्वे के 50 प्रतिशत कार्यों को 15 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सर्वे कार्य की ऑनलाइन एंट्री भी सुनिश्चित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने अभी तक जनपदवार हुए सर्वे कार्य की जानकारी लेकर कम प्रगति वाले पंचायतों में अधिक संख्या में प्रगणकों की ड्यूटी लगाकर तथा फील्ड में सक्रिय कर सर्वे कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में ऑफलाइन सर्वे पश्चात नेटवर्क युक्त क्षेत्र में पहुंचकर डाटा को तत्काल ऑनलाइन अपडेट भी करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, सहित सभी एसडीएम, सभी जनपदों के सीईओ और विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर ने बैठक में बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की भी जनपदवार जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का तेजी से सत्यापन कार्य पूर्ण करते हुए बेरोजगारी भत्ता स्वीकृति आदेश जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आवेदनों के सत्यापन के लिए गठित भौतिक सत्यापन दल को प्रतिदिन आवेदनों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। साथ ही आवेदक के पात्र होने पर नाम और बैंक खाता संख्या सत्यापन की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करते हुए उन्हें आदेश पत्र जारी करने और पोर्टल में एंट्री भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने बैठक में जिले में संचालित गोठानों और गोधन न्याय योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी गौठानों में बिजली, पानी की उपलब्धता एवं बोर की सक्रियता की जानकारी ली। कलेक्टर ने कम पानी वाले गोठानो में पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने क्रेड़ा विभाग से समन्वय कर बोर स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही गोठानों में गोबर खरीदी की मात्रा बढ़ाने एवं खरीदे गए गोबर की सही अनुपात में वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में सभी जनपद पंचायतों के सीईओ से गांवों में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों एवं अमृत सरोवर योजना अंतर्गत तालाब निर्माण की जानकारी लेकर सभी निर्माणधीन कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

# अमलीपदर में राष्ट्रीय बजरंग दल ने किया बेमेतरा कांड का विरोध





**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**अमलीपदर।** बेमेतरा जिले के एक गांव में हुई दो समुदायों के बीच हुई झड़प में एक युवक की जान चली गई थी। इस हत्या के विरोद में राष्ठीय बजरंग दल ने आज छत्तीसगढ़ बंद का आयोजन किया है.इस दौरान सोमवार को अमलीपदर बस स्टैंड में राष्ठीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे बाज़ी की साथ ही दोषियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही की माँग की . राष्ठीय बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में बस स्टैंड बंद कराने पहुंचे हैं. राष्ठीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अमलीपदर बाजार मार्केट को बंद करा दिया है.बंद के दौरान बड़ी संख्या में राष्ठीय बजरंग दल के कार्यकर्ता और मेन रोड बाजार में जुटे हैं. राष्ठीय बजरंग दल के इस बंद को बीजेपी ने भी अपना समर्थन दिया है. बेमेतरा में 22 साल के भुनेश्वर साहू की हत्या के बाद उनके परिजन आरोपियों की फांसी देने की मांग कर रहे हैं.बंद के दौरान किसी प्रकार की हिंसा और अप्रीय स्थिति से निपटने के लिए शहर के हर चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है. बेमेतरा जिले के बीरनपुर में आठ अप्रैल को एक बच्चे से मारपीट की घटना सामने आई थी.इसके बाद दो पक्षों में झड़प हो गई. इस झड़प में 22 साल के भुनेश्वर साहू की मौत हो गई. इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है.पुलिस जब मौके पर पहुंची तो गुस्साए लोगों ने पुलिस पर भी हमला कर दिया था. इस हमले में पुलिसकर्मी भी घायल हो गए थे.राष्ठीय बजरंग दल विधानसभा उपाध्यक्ष सौरभ सिन्हा (मोनू) राष्ठीय बजरंग दल ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम चक्रधारी ब्लॉक उपाध्यक्ष किशोर नागेश ग्रामीण अध्यक्ष तुलसीराम नागवंशी श्री शनिदेव मंदिर पुजारी पं कृष्ण कांत त्रिपाठी राष्ठीय बजरंग दल केसभी सदस्य हिमांशु शर्मा आकाश मिश्रा, देवेंद्र जगत, रिंकू सोनवानी, निरमेश यादव, लोकेंद्र नागेश, खेम्नेद नागेंस, कृष मरकाम भोले चक्रधारी, अलेक नागेश, राहुल पांडेय, पालेश्वर पाढ़े, प्रमोद चक्रधारी, जग्गू साहू, लोकेश बघेल, राजेश, भजमन सोनी, चंदर मरकाम, हरीश सिन्हा, जय किशन बघेल, लकी बघेल, राहुल श्रीवास, प्रियांशु ठाकुर, अनीश तिवारी, चिंटू नायक, किशोर साहू, लोकेश साहू, गोवर्धन साहू, महावीर साहू, किशोर यादव, शेरा प्रधान, लक्की बघेल, चेतन मैहर, मनीराम मांझी, मुकेश मांझी एवं समस्त युवा शामिल थे।

## छत्तीसगढ़ बंद का गोहरापदर में दिखा असर, सर्व हिन्दू समाज के आव्हान पर सभी व्यापारियों का मिला सहयोग, स्वस्फूर्त बंद रही दुकाने

**सनावदाता हेमचंद नागेश**



गोहरापदर। बेमेतरा जिले के एक गांव में दो समुदायों के बीच हुई झड़प में एक युवक की जान चली गई थी इस हत्या के विरोध में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद ने छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया गया,इस दौरान सोमवार को गोहरापदर के बस स्टैंड में सर्व हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की सर्व हिंदू समाज के लोग बड़ी संख्या में बस स्टैंड में दुकान बंद कराने पहुंचे थे,इस बंद को भाजपा ने भी समर्थन दिया, नगर के सभी व्यापारियों ने बंद को समर्थन दिया दिनभर दुकाने बंद रही।

**बेमेतरा मे हुई हिंसा मे युवक की मौत**–दरअसल बेमेतरा जिला के बिरनपुर गांव मे आठ अप्रैल शनिवार को साइकिल से कट मारने को लेकर स्कूली बच्चों में विवाद हो गया था बाद में बच्चों का विवाद बड़ों तक पहूंच गया और दोनों पक्षों में जमकर खुनी संघर्ष हो गया इसी विवाद में 22 वर्षीय भुनेश्वर साहू की हत्या कर दी गई.सभी ने कहा कि इस सम्पूर्ण घटना की न्यायिक जांच की मांग करती है और दोषियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग करती है।

## एक वर्ष के हर्ष कुमार गिरा कुएं में, बुआ गायत्री ने कुएं में कूदकर बचाई जान

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

छुरा। घटना गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायत महुआ भाठा के केरगांव का है, जहां के डायमंड ध्रुव के एकवर्षीय हर्ष कुमार खेलते हुए बाड़ी के कुएं में गिर गया। जिसे



ढुंढते हुए उसके दादी मां अमरीका बाई ने देखा कि बच्चा कुएं में गिर गया था आनन फानन में बचाने हेतु उनकी बुआ 25 वर्षीय कुमारी गायत्री बाई गहरे कुएं में छलांग लगाकर बच्चे को निकाली। जिससे गायत्री बाई का पैर फेक्चर हो गया। दोनों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से गरियाबंद जिला स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, तब तक हर्ष कुमार बेहोशी की हालत में था जिसे डाक्टरों ने जांच कर रायपुर रिफर कर दिया जहां अभी बच्चा ठीक है बच्चे के माता पिता रायपुर हास्पिटल मे हैं, वहीं कुमारी गायत्री गरियाबंद जिला अस्पताल में है। बच्चे के दादा गोपीराम को विडिओ काल के माध्यम से बच्चे के पिता से बात कराते हुए बच्चे को दिखाया गया तब जाकर बच्चे के दादा ने संतुष्टि जाहिर की। एक विडम्बना ये भी है कि ये आदिवासी परिवार आज भी कुएं के पानी से गुजारा करने पर मजबूर है, नलजल जैसे सरकार के योजना यहां पिछले छः महीने से लगा तो है इनके घर भी नल कनेक्शन लगा तो है। पर अब तक शो पीस ही है शुरू नहीं हो पाया है अगर नलजल शुरू हो जाता तो कुएं को बंद कर देते उनका उपयोग ही नहीं करते। आदिवासी व विशेष पिछड़ी जनजाति के बाहुल्य ग्राम केरगांव के पारा घोठियादादर चौदह घरों का है । जहां इस 25 वर्षीय आदिवासी बच्ची ने अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए अपने ही भाई के बच्चे को जान की बाजी लगाकर बच्चे की जान बचाई। जिसे प्रशासन और सरकार को इन्हें सम्मानित करना चाहिए, जिससे ऐसे आदिवासियों बच्चियों में हिम्मत और हौसले से अन्य लोगों को सीख मिले।

## खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा विभिन्न खेल गतिविधियों का किया गया आयोजन

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । भारत में बालिकाओं के लिये पहला स्कूल खोलने वाले प्रख्यात समाज सुधारक, विचारक, रचनाकार, दार्शनिक, शिक्षाविद, और सत्य शोधक समाज की स्थापना करने वाले क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिभा फुले की जयंती पर भिण्ड खेल और युबा कल्याण के द्वारा समस्त विकास खंडों एवं जिला मुख्यालय पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रुप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार एवं जिला खेल प्रशिक्षक संजय पंकज एवं भिंड ब्लॉक समन्वयक सुश्री साधना तोमर अटेर ब्लॉक समन्वय नीरज बघेल ,लहार ब्लॉक समन्वयक अनिल श्रीबास, गोहद ब्लॉक समन्वयक मुकेश अर्गल एवं रौन ब्लॉक समन्वय शिवानी सेंगर आदि ने अपने अपने ब्लॉक में खेल प्रतियोगिता को संपन्न कराया ।

## जनजाति सुरक्षा मंच छत्तीसगढ़ महारैली 16 अप्रैल को राजधानी में

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद/** गरियाबंद जनजातीय सुरक्षा मंच छत्तीसगढ़ के आह्वान पर गरियाबंद जिला के प्रभारी अभिमन्यु ध्रुव सरपंच ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जो भोलेनाथ का नहीं वह हमारी जात का नहीं किसी विषय को लेकर डीलिस्टिंग महारैली 16 अप्रैल 2023 रविवार सायं 4ः00 से श्री राम मंदिर के सामने वीआईपी रोड राजधानी छत्तीसगढ़ में स्वर्गीय कार्तिक उरांव जी आदिवासियों के महान जननायक के सपनों को साकार करने के लिए महा रैली का आयोजन किया गया है । ध्रुव ने कहा हमारी पुरखों की संस्कृति ही संविधान का हक का आधार है जिन्होंने संस्कृति छोड़ दी उन्होंने जनजाति पहचान छोड़ दी और आदिवासियों को मिलने वाला हमारा आरक्षण भी छोड़ दे अनुसूचित जाति की भांति अनुसूचित जनजाति भी ईसाइयों



और इस्लाम धर्मांतरण सदस्यों की डिलिस्टिंग हो क्योंकि वह लोग कानूनन अल्पसंख्यक है और वही रहे सन् 1970 से उक्त डीलिस्टिंग बिल संसद में लंबित है जिसे अब पारित किया जाए 5प्रतिशत धर्मांतरण करे लोग मूल जनजाति की 70प्रतिशत नौकरियां छात्रवृत्ति तथा विकासखंड और अन्य सुविधाएं हड़प रहे हैं अर्थात 95त्न को मात्र 30त्न लाभ ही मिल रहा है यह अन्यायपूर्ण है सर्व आदिवासी समाज से आह्वान करते हुए अभिमन्यु ध्रुव ने कहा आओ हम सब पंचायत से संसद तक मिले और संवैधानिक हक के लिए इस आंदोलन को अपनी ताकत दें और हमारे आदिवासी समाज के परंपरा और संस्कृति को मानने वालों को न्याय और उनका हक दिलाने एक दिवसीय आंदोलन में रायपुर चलो रायपुर चलो अपनी परंपरागत वेशभूषा एवं वाद्य यंत्रों के साथ प्रशासन को अवगत कराने अपील किया है ।



## क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** ःपुनीत फैंस द्वारा नागरभावी खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता पुनीत राजकुमार कप में 8 टीमों ने हिस्सा लिया मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने वक्तव्य में कहा खेल को खेल की भावना से खेलें आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया ।

## दीपू बने युवा कांग्रेस के प्रदेश एजुकेटिव सदस्य

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा,मीडिया विभाग कांग्रेस के अध्यक्ष केके मिश्रा,अटेर पूर्व विधायक हेमंत कटारे, पूर्व लोकसभा प्रत्यासी देवाशीष जरारिया की अनुशंसा पर भिण्ड के युवा नेता दीपक दीपू दुबे को युवा कांग्रेस का प्रदेश एजुकेटिव सदस्य बनाया गया है। श्री दुबे ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के सभी शीर्ष नेतृत्व का अभार व्यक्त किया है। और पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने की बात कही है। श्री दुबे को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनने पर उनके मित्रो और पार्टी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है। जिनमे,प्रदेश प्रवक्ता सिद्धार्थ राजावत ,अभिनव बारोलिया,संजय महेंद्रा,आईटी सेल प्रदेश उपाध्यक्ष चंचलेस व्यास जी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर भारद्वज ,प्रदेश महासचिव जय श्री राम बघेल जी, जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह,सेवादल कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा, महिला जिला अध्यक्ष, रेखा भदौरिया, जिला प्रवक्ता अनिल भारद्वज, जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद ,जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, हरनारायण शर्मा, आशुतोष शर्मा, संजय भूता, जिला महामंत्री शैलेन्द्र भदौरिया, राजेश शर्मा, पार्षद सुनील कांकर, स्वदेश कुशवाह, मनीष पुरोहित, छोटे नरवरिया, बबलू त्यागी, राघवेंद्र कांकर, राहुल थापक,विजय शर्मा निवारी,अरविंद बघेल ब्लॉक अध्यक्ष अटेर,राहुल शर्मा ,नरेंद्र मिश्रा, देवेश शर्मा, राहुल धमोले, बड़े पुरोहित, अजय विमल, मोहित तोमर, संतोष चौहान,अंकेश चौधरी, प्रशांत कांकर,मनेंद्र मौर्य,राधामोहन कटारे, सत्यम पांडेय, अजय दुबे, आयुष मिश्रा आदि शुभकामनाए दी है।

## नेताओं ने शिरकत कर नव दंपत्ति को दिया आशीर्वाद

### पैलेस ग्राउंड में हुआ सामोरह का आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू। पेलेश ग्राउंड मै बलेपेट बडेर के अध्यक्ष शोभाराम चोयल के पुत्र प्रदीप का विवाह कुछ दिन पूर्व राजस्थान में स्थित पैतृक गांव में सम्पन्न हुआ। बेंगलुरू के पेलैस ग्राउंड में विवाह के निमित्त प्रीतिभोज रखा गया ।इस विवाह समारोह में शांतिनगर कांग्रेस विधायक एन ए. हरीश शांति, पी.शिवकुमार शांति नगर काग्रेस ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष ,सासंद पी सी मोहन, सीरवी समाज बलेपेट बडेर के सचिव नारायणलाल, उपाध्यक्ष भंवरलाल, कोषाध्यक्ष सुजाराम सह-कोषाध्यक्ष लक्ष्मणराम गेहलोत मनोज कुमार मुलेवा, बाबूलाल काग, उमेदराम गेहलोत,नेमाराम गहलोत,एस एच आर लेआउट बडेर के अध्यक्ष फाऊलाल परिहारिया कुष्णा गौशाला के प्रमुख स्वामी पुखराज महाराज झालाराम देवडा, गणेश राम सैणचा, राजेश सैणचा, जितेंद्र, तेजाराम देवडा इत्यादी ने वर वधु को आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में बलेबेट बडेर के कारियकारिणी सदस्य एंव सीरवी समाज के गणमान्य एंव समाज के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में राजस्थानी प्रवासी एंव स्थानीय लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया। इस सामोरह में समस्त चोयल परिवार व श्री कृष्णा गौसेवा आश्रम के प्रमुख स्वामी पुखराज महाराज के सभी भक्तगण मौजूद थे।



## राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष सांसद एवं सम्भाग प्रभारी गुप्ता ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**




**भिण्ड ।** भाजपा के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष एवं ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी नीमच सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि हम सब भारतीय जनता पार्टी विचार के लिए परिवार भाव का संकल्प लेकर काम करते हैं आज संगठन ही हमारे लिए सर्वव्यापी है। पार्टी ने राष्ट के विकास के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय की एका जो माधव के मूल्य दर्शन को आगे बढ़ाकर निष्ठावान कार्यकर्ताओं की संखला को वटवृक्ष की तरह पृथ्वी पर खड़ा कर लिया है आज हम दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आए हैं और जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 22 राज्यों में हमारी सरकार के मुख्यमंत्री कर रहे हैं। यह बात उन्होंने पार्टी जिला कार्यालय पीडब्ल्यूडी कॉलोनी पर पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीबी हटाओ का नारा देती रही लेकिन गरीबी है कि नहीं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय विचारधारा एवं गरीब कल्याणकारी योजनाओं के साथ भारत गरीबी से मुक्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि कि मिशन 2023 विधानसभा चुनाव एवं मिशन 2024 लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता एक लक्ष्य एक संकल्प एकजुट होकर देश और प्रदेश को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए समाज को जागृत कर योजनाओं को उनके घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की चौथी पारी के 3 वर्ष समृद्ध, आत्मनिर्भर और स्वर्णिम भारत निर्माण के लिए संकल्प की सिद्धि के लिए कोरोना से जंग लड़ते हुए प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का निश्चित किया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद संध्या राय, पूर्व सांसद डॉ भागीरथ प्रसाद कार्यकारिणी के सदस्य जिला संगठन प्रभारी जय प्रकाश राजौरिया, जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू, पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ रमेश दुबे,प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य कृष्णकांता तोमर,पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया, मंचासीन थे।

# मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना को मातृशक्ति धरातल पर उतारकर योजना का लाभ दिलाएंः डॉ रमेश दुबे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश की मातृशक्ति को महिला हितेषी योजनाओं के साथ उन्हें

### चिकित्सा प्रकोष्ठ ने महिला मोर्चा की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया सम्मान

गौरवान्वित किया है,उक्त उदगार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर रमेश दुबे ने कहे। रमेश दुबे ने कहा कि मातृ शक्ति,आदिवासी समाज से महामहिम राष्टपति श्रीमती द्रोपति मुर्मू को महत्वपूर्ण संवैधानिक दर्जा देकर महिलाओं को गौरवान्वित करने का काम किया जिस पर कांग्रेस ने उनका अपमानित करने का कार्य किया यह बात उन्होंने भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ शिवकुमार राजोरिया के निवास स्थान पर आयोजित महिला मोर्चा की वरिष्ठ नेत्रियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि की आसींद से बोलते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉक्टर डॉ शिव कुमार राजोरिया ने की। इस अवसर पर डॉ दुबे ने कहा की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिला सशक्तिकरण की मजबूती के लिए जो कार्य किया है वह कभी कांग्रेस की सरकार नहीं कर सकी उन्होंने लाडली बहना योजना को हर समाज की बहन तक पहुंचाने का काम किया है। फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है भारी संख्या में महिलाओं ने आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कार्य किया है और महिला मोर्चा की कार्यकर्ता भी इस योजना को बूथ केंद्र



पर महिलाओं के साथ फार्म भरने में अपनी अहम भूमिका के साथ कार्य करें और योजना को धरातल पर उतारे। इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य दतिया जिले की प्रभारी सरोज जोशी, जिला अध्यक्ष आभा जैन ने भी संबोधित करते हुए महिलाओं को मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ लगने का आह्वान किया । वही श्रीमती कुसुम राजौरिया,एवं डॉ. प्रीति शर्मा द्वारा मातृशक्ति को माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र उड़ा कर उनका सम्मान किया। सम्मानित होने वाली मातृशक्ति में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती आभा जैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों में श्रीमती सीमा शर्मा, श्रीमती सरोज जोशी, जिला मंत्री श्रीमती पिंकी शर्मा, जिला मंत्री रश्मि खटीक, जिला उपाध्यक्ष गीता राजावत, जिला महामंत्री आरती पाठक, जिला मीडिया प्रभारी ज्योति बौहरे, जिला कोषाध्यक्ष नीलम भदौरिया एडवोकेट, नीतू राजावत, प्रमुख बहनों शामिल है। इस अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ शिवकुमार राजौरिया, ने आभार व्यक्त किया और मंचासीन अतिथियों ने भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे, जिला कार्यालय मंत्री आर बी सिंह बघेल एडवोकेट, जिला मंत्री शिव प्रताप सिंह राजावत चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह जिला संयोजक डॉ आरडी परिहार नगर अध्यक्ष विकास भदोरिया, डा वरुण शर्मा,डॉ सुरेश वर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## संपादकीय

### अशोक गहलोत से सचिन पायलट को आगे कर लड़वा रही बीजेपी

*राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम और प्रदेश अध्यक्ष रहे सचिन पायलट की तरफ से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर कई तरह के आरोप लगाए गए हैं. सचिन पायलट ने सीएम गहलोत पर बीजेपी नेताओं को बचाने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा विपक्ष में रहने के दौरान जितने भी घोटाले किए गए, राजस्थान सीएम ने सब दबा दिए. सचिन पायलट कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता हैं. उन्होंने अशोक गहलोत के साथ कंधा मिलाकर कांग्रेस की वापसी के लिए प्रदेश में काफी मेहनत भी की थी. सचिन पायलट के काम को हम कमतर नहीं आंक सकते हैं. लेकिन, इस वक्त पायलट ने अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता और सीएम अशोक गहलोत के ऊपर जो इल्जाम लगाए हैं, और खुलकर जिस तरह से सामने आए हैं, ये उचित नहीं है. उनको थोड़ा इंतजार करना चाहिए था. पायलट मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं, ये अच्छी बात है. उनका काम हमने खुद देखा है. बहुत मेहनती है और बहुत अच्छा सोच-विचार रखते हैं. लेकिन, इस तरीके से पार्टी के विरोध में जाकर शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ अनशन करना और मोर्चा खोलना ठीक नहीं है. जब आप पार्टी के अंदर रहते हैं तो ये अपना परिवार होता है. परिवार के अंदर सब मिलजुल कर काम करते हैं. यदि कहीं कुछ कमी दिखती भी है तो हम आपस में बैठकर मसले को सुलझाते हैं. पार्टी का ही एक वरिष्ठ नेता अगर जब दो बच्चे लड़ रहे हों या दो भाई आपस में लड़ रहे हो और इस बात को लोगों के बीच लाते हैं तो ये ठीक नहीं है. अपने पदोन्नति के लिए अपने ही शीर्ष नेतृत्व के ऊपर अगर इल्जाम लगाते हैं तो अपने को थोड़ा संभलकर चलना होता है. इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में गलत मैसेज जाता है, उनका मनोबल टूटता है. उनकी हिम्मत खराब होती है. पार्टी के अंदर ऐसे बहुत से नेता हैं, बहुत से ऐसे कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने दरी बिछाई है और बुजुर्ग हो गए, लेकिन उन्हें कुछ भी नहीं मिला. ये हर पार्टी के अंदर है, सिर्फ कांग्रेस की बात नहीं है. किसी के तकदीर में लिखा होता है और किसी के तकदीर में नहीं लिखा होता है. इसलिए ये अपने आपको मानना जरूरी है कि अपने तकदीर में क्या लिखा हुआ है. सचिन पायलट ने आखिर बागी रूप क्यों अख्तियार कर रखा है, ये बात वे खुद ही बताएँगे. राज्य में आठ महीने में विधानसभा का चुनाव है. पार्टी में इससे कोई नुकसान ही पहुंचेगा. पार्टी काफी मजबूत है और कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा है. पार्टी के हर कार्यकर्ता को ये पता है कि उनको क्या करना और क्या नहीं करना है. जब चुनाव आएगा तो मन-धन से पार्टी के साथ थे और पार्टी के साथ ही रहेंगे. पायलट ने जो भी सवाल उठाए हैं, उसके जवाब देने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खुद सक्षम हैं और वो दबने वाले नहीं है. विपक्ष के लोगों की फाइल वो क्यों दबाएँगे. ये सब तो वक्त के हिसाब से होता है. सीएम गहलोत ने हर मंच से हमेशा बीजेपी के खिलाफ ही बोला है. उन्होंने कभी बीजेपी का पक्ष नहीं लिया है. वो तो यही चाहेंगे कि कांग्रेस की सत्ता में फिर से वापसी हो पाए. सचिन पायलट का सीएम गहलोत पर सवाल उठाना निजी मामला है. गहलोत तक चिट्ठियां पहुंचीं या नहीं पहुंचीं, इसका तो कोई प्रमाण किसी के पास नहीं है. यदि पायलट ने चिट्ठी लिखी तो वो चिट्ठी कहां है। वो चिट्ठी सबके सामने लाएं. मुझे ऐसा लगता है कि इस पूरे प्रकरण में बीजेपी की साजिश है, जो अंग्रेजों वाली हरकतें हैं कि दोनों भाइयों को लड़ा दो खुद राज करो. मुझे नहीं लगता है कि बीजेपी की साजिश के बगैर ऐसा कुछ हो रहा हो. बीजेपी किस तरह का फायदा लेना चाहती है और इन सबसे कुछ बीजेपी को फायदा मिलेगा भी या नहीं, ये सब तो आगे वक्त बताएगा. आगे चुनाव को लेकर कुछ चीजें जो होनी चाहिए वो ये है कि टिकट वितरण के समय कुछ महिला नेता स्वार्थी हो जाते हैं, वे अपने ही कार्यकर्ताओं को देखते हैं बाकियों को नहीं देखते.*

# इफ्तार पार्टी में मौजूदगी, दंगा प्रभावित इलाकों से दूरी

**राबड़ी देवी के यहां पर जो इफ्तार पार्टी हुई और उसमें नीतीश कुमार और अन्य दलों की जो उपस्थिति रही वो स्वाभाविक है. चूंकि राज्य में सरकार भी इन्हीं दलों की है. गठबंधन की तरह है नहीं कि हम गठबंधन बनाएंगे और आप आ जाइए हमारे साथ. इस इफ्तार पार्टी को दो-तीन दृष्टियों से देखे जाने की जरूरत है. पहली बात यह कि यह रमजान का महीना है और भाईचारे को सुदृढ़ करने के लिए पार्टी दी जा रही है. दूसरी बात ये कि अगर इसे कोई राजनैतिक चश्में से देखता है तो यह भी ठीक है कि हम आपका भला सोचते हैं. कम से कम कहने के लिए ये तो सेक्युलर पार्टी हैं ही न, भाजपा को तो यह नहीं कहा जा सकता है. चूंकि भाजपा का इसे लेकर अपना इतिहास है. 2014 के लोकसभा चुनाव में 282 सांसदों में कितने मुस्लिम सांसद थे. उन्होंने किसी भी मुसलमान को टिकट दिया था क्या ? यहां चाहे राजद, जदयू या कांग्रेस हैं तो इनके यहां तो मुस्लिम विधायक और सांसद दोनों ही हैं. मुझे लगता है कि इसमें कोई घालमेल करने की कोई जरूरत नहीं है. कमजोर हुए सेक्युलरिज्म। ये बात ठीक है कि सेक्युलरिज्म कमजोर हुआ और उसे कमजोर बनाने में सेक्युलरिज्म पार्टियों की भी कमोबेश भूमिका रही है. लेकिन तमाम उनकी खराबियों के बाद भी हम ये मानते हैं कि वो सेक्युलर पार्टी हैं. अगर राजद को ही देखें, वहां उसकी सरकार है.**

बिहार में रामनवमी के मौके पर दंगा भड़की. लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अब तक उन दंगा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा नहीं किया. दूसरी तरफ, पूर्व सीएम राबड़ी आवास पर नीतीश कुमार ने शिरकत किया. इस मौके पर चिराग पासवान, जेडीयू चीफ ललन सिंह, जीतन राम मांझी समेत महागठबंधन के कई बड़े नेता शामिल हुए. ऐसे में सबके जेहन में इस वक्त ये सवाल उठ रहा है कि आखिर ऐसे वक्त पर जब बिहार दंगा की आग में झुलसा तो सीएम ने उन इलाकों का दौरा क्यों नहीं किया? क्यों नीतीश ने वहां से दूरी बनाई। जबकि चाहे राबड़ी आवास में इफ्तार पार्टी हो या फिर जेडीयू एमएलसी खालिद अनवर के यहां पर इफ्तार पार्टी, नीतीश कुमार बखूबी वहां पर नजर आए. दरअसल, भले ही इसके पीछे कई मायने हो सकते हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सेक्युलर पार्टियां रमजान के महीने में इफ्तार देते रहे हैं. उनका एक पुराना इतिहास रहा है. अगर उस पर आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि सभी पार्टियों ने रमजान के महीने में इफ्तार पार्टी दी है. बिहार में रामनवमी में जो दंगे हुए और यह कहा जाए कि अल्पसंख्यक वोट को अपने पाले में करने के लिए इफ्तार दी जा रही है, उससे मैं बहुत हद तक सहमत नहीं हूं. क्योंकि यह रमजान का महीना है. इस महीने में इफ्तार पार्टी देने की परंपरा वर्षों से चली रही है. इसमें कोई नहीं बात नहीं है. सासाराम और नालंदा के बिहारशरीफ में जो दंगे हुए, इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं. भारतवर्ष में जो दंगों का भी इतिहास बहुत पुराना रहा है. लेकिन इधर, कुछ वर्षों से या दशकों से इसका सीधा संबंध चुनाव और वोट बैंक से भी जुड़ जाता है. इसे आप प्रचलित ढंग से कहे कि ये मुस्लिम या अल्पसंख्यक वोट बैंक है..तो मुस्लिम वोट बैंक तो अधिक नहीं है, हिंदू वोट बैंक ही है. अब जिसे मुस्लिम वोट बैंक कहते हैं या कोई भी वोट बैंक के लिए मुझे नहीं लगता है कि उसे पाने के लिए इफ्तार पार्टी दी जा रही है. इसे एक भाईचारे की दृष्टि से और सौहार्दपूर्ण संबंधों को बनाए रखने की दृष्टिकोण से भी देखा जा सकता है. राजद, जदयू और कांग्रेस कभी भी मुस्लिम विरोधी पार्टी नहीं रही है. मुस्लिम विरोधी पार्टी इस देश में भाजपा ही है. चूंकि भाजपा की जो विचारधारा है वो आरएसएस की विचारधारा है. अगर आप इसे बंच ऑफ थॉट्स में देखेंगे तो एमएस गोलवलकर तीन आंतरिक शत्रुओं की बात करते हैं. उसमें मुसलमान, ईसाई और कम्युनिस्ट आते हैं. इसलिए इन पार्टियों के इफ्तार पार्टी को मैं उस दृष्टि से नहीं देखता हूं. राबड़ी देवी के यहां पर जो इफ्तार पार्टी हुई और उसमें नीतीश कुमार और अन्य दलों की जो उपस्थिति रही वो स्वाभाविक है. चूंकि राज्य में सरकार भी इन्हीं दलों की है. गठबंधन की तरह है नहीं कि हम गठबंधन बनाएंगे और आप आ जाइए हमारे साथ. इस इफ्तार पार्टी को दो-तीन दृष्टियों से देखे जाने की जरूरत है. पहली बात यह कि यह रमजान का महीना है और भाईचारे को सुदृढ़ करने के लिए पार्टी दी जा रही है. दूसरी बात ये कि अगर इसे कोई राजनैतिक चश्में से देखता है तो यह भी ठीक है कि हम आपका भला सोचते हैं. कम से कम कहने के लिए ये तो सेक्युलर पार्टी हैं ही न, भाजपा को तो यह नहीं कहा जा सकता है. चूंकि भाजपा का इसे लेकर अपना इतिहास है. 2014 के लोकसभा चुनाव में 282 सांसदों में कितने मुस्लिम सांसद थे. उन्होंने किसी भी मुसलमान को टिकट दिया था क्या? यहां चाहे राजद, जदयू या कांग्रेस हैं तो इनके यहां तो मुस्लिम विधायक और सांसद दोनों ही हैं. मुझे लगता है कि इसमें कोई घालमेल करने की कोई जरूरत नहीं है. कमजोर हुए सेक्युलरिज्म। ये बात ठीक है कि सेक्युलरिज्म कमजोर हुआ और उसे कमजोर बनाने में सेक्युलरिज्म पार्टियों की भी कमोबेश भूमिका रही है. लेकिन तमाम उनकी खराबियों के बाद भी हम ये मानते हैं कि वो सेक्युलर पार्टी हैं. अगर राजद को ही देखें, वहां उसकी सरकार है. लालू यादव के किसी नीति से हम असहमत हो सकते हैं. उनमें बहुत सारे दुर्गुण हैं लेकिन उन्होंने आज तक कभी भी भाजपा से हाथ नहीं मिलाया है. लालू यादव ने तो भाजपा को भारत जलाओ पार्टी ही कहा था जिसे आज वो भूल गए हैं. वो सेक्युलर है. एक जमाने में उनका एमवाई समीकरण था. आप बताएं कि कौन उनका समर्थक नहीं रहा है. वो ओबीसी में हैं, दलितों में हैं सर्वत्र हैं. नीतीश कुमार को वहां जाना चाहिए था. अगर वो हिंसा के बाद सासाराम और बिहारशरीफ में नहीं गए, ये उनकी गलती है. इस संबंध में उनसे सवाल पूछा जाना चाहिए. चूंकि एक राज्य के मुख्यमंत्री की हैसियत से यह उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वे वहां जाएं, लेकिन उन्होंने इसका निर्वहण नहीं किया है. ये सवाल अगर लोगों के मन में उत्पन्न होता है तो यह बिल्कुल ठीक है. क्योंकि ये सवाल खड़ा करने का मौका वो खुद ही दे रहे हैं. अगर कहीं दंगा हो गया और उनकी कहीं व्यस्तताएं हो सकती हैं. लेकिन दंगे को थोड़ी देर में कंट्रोल किया जा सकता है. ये लॉ एंड ऑर्डर का मामला है और इसकी सारी जिम्मेदारी अंततः राज्य के मुख्यमंत्री या गृहमंत्री पर ही चली जाएगी. ये सवाल वाजिब है. ऐसा लोग सोच सकते हैं कि नीतीश कुमार अप्रत्यक्ष तौर पर अल्पसंख्यक समुदाय को खुश करना चाहते हैं. ये सवाल उनसे पूछा जाना चाहिए कि हिंसा के बाद आप पटना में इफ्तार मना रहे हैं लेकिन दोनों जिलों में नहीं जा रहा है. मैं एक नागरिक के नाते यही कह सकता हूं कि वहां जाना मुख्यमंत्री का जरूरी था. बड़ी बात ये भी है कि ये घटनाएं इसी समय क्यों हुई. इस बात का ध्यान पत्रकारों और चैनलों को भी रखना चाहिए कि बिहार में इस तरह के दंगे इससे पहले कब हुए हैं? कितने समय के बात ये दंगे हुए हैं? क्यों हो रहे हैं, इसके कारण क्या हैं? इन सभी पहलुओं को देखा जाना चाहिए. अभी सारा का सारा माहौल पूरे देश में 2024 के चुनाव को लेकर बना हुआ है. अगर कोई इसे 2024 से जोड़ कर देखता है, ये भी एक प्रकार से सही होगा. बिहार को अशांत करने की दृष्टि से देखा जाए यह भी सही होगा. दूसरी बड़ी बात ये है कि ये दंगे जिन राज्यों में हुए हैं वो सभी गैर-भाजपा राज्य हैं. दरअसल, राजनीति अब इतनी तिकड़मी हो गई है कि कुछ भी ठीक से कहा नहीं जा सकता है. दंगा कोई भी करवा सकता है. वडोदरा गुजरात में है और अहिंदी भाषी क्षेत्र है. लेकिन मध्यप्रदेश तो हिंदी भाषी प्रदेश है और हिंदी भाषी प्रदेशों की जो लोकसभा में भूमिका है वो सबसे बड़ी है. सभी हिंदी प्रदेशों को अगर मिला दें तो कुल 225 सीटें हैं. इसमें से अगर भाजपा को 100 सीटें आती हैं, तो क्या वो केंद्र में सरकार बना पाएगी? अभी उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है, वहां इस तरह के कितने उदाहरण देखने को मिले हैं. स्पष्ट तौर पर बैटलग्राउंड हिंदी प्रदेश हैं क्योंकि यहां से 225 सांसद चुने जाते हैं. बिहार के 40, यूपी के 80, झारखंड के 14 हैं. इस तरह से आप देखते चलिए. अगर हिंदी प्रदेश चाहेगा वो फिर से 2024 में सत्ता में आएंगे. मैं ये बात पहले से कहता आ रहा हूं कि चुनाव से पूर्व हिंदी प्रदेशों में कई तरह की घटनाएं होंगी लेकिन वो किस रूप में समाने आएंगे यह कोई नहीं कह सकता है.

## पाकिस्तान की बुनियाद है आतंक आपरेशन ऑल आऊट महज दिखावा

पाकिस्तान अपने देश में आतंकवादियों का सफाया करने के लिए ऑपरेशन ऑल आउट शुरू करने की योजना बना रहा है. शुक्रवार को इसकी घोषणा की गई है. जिसमें यह कहा गया है कि पाकिस्तान में जितने भी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हैं, उसे ऑपरेशन ऑल आऊट के तहत जड़ से समाप्त कर दिया जाएगा. चूंकि पाकिस्तान के आर्थिक हालात अभी ठीक नहीं है. वह आईएमएफ से 1.1 बिलियन डॉलर के फंडिंग के लिए प्रयासरत है. ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या पाकिस्तान का यह आतंकवादी संगठनों के सफाया करने की बात कहीं आईएमएफ के वित्तीय पैकेज को हासिल करने की दिशा में उठाया गया है। क्या यह सिर्फ दुनिया को दिखाने का लिए छलावा तो नहीं है। पाकिस्तान के आतंकवादियों के सफाया करने की रणनीति को कैसे देखा जाना चाहिए। पाकिस्तान का निर्माण ही आतंकवाद पर हुआ था. पाकिस्तान के निर्माण के पहले डायरेक्ट एक्शन डे हुआ था. डायरेक्ट एक्शन डे को सामान्य भाषा में जिहाद कह सकते हैं. जिसमें लाखों लोग पहले ही दिन मारे गए थे. उसके बाद 1947 के अगस्त में जो जंग शुरू हुई थी और सितंबर और अक्टूबर तक लोग मारे जाते रहे थे और एक अनुमान है कि लगभग 35-40 लाख लोग मारे गये थे. ये डायरेक्ट एक्शन डे किसके खिलाफ हुआ था. ये उन लोगों के विरुद्ध था जो लोग मुसलमान नहीं थे. इस्लामी आतंकवाद है वो किसके खिलाफ होता है, जो लोग मुसलमान नहीं हैं या जो सच्चे मुसलमान नहीं हैं. जो गैर इस्लामी देश हैं और वहां जो मुसलमान रह रहे हैं उनके खिलाफ आतंक होता है और जो इस्लामी देश हैं वहां पर इसलिए होता है कि सच्चा मुसलमान कौन है, शिया की सुन्नी. पाकिस्तान में शियों के खिलाफ, अहमदियों के खिलाफ, सुजाओं के खिलाफ हमले होते रहते हैं. मस्जिदों में ब्लास्ट होते रहते हैं. नमाज के समय और रमजान के वक्त में भी होता है. ऐसे में जिस देश की बुनियाद ही घृणा पर है, जिस देश की बुनियाद ही इस्लामिक आतंकवाद पर है. वह इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ कभी भी कदम उठाने के खिलाफ असमर्थ है क्योंकि यह उसके अस्तित्व के खिलाफ चला जाएगा. लेकिन चूंकि पूरी दुनिया से अब वह कट रहा है, उसकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है. वह अपने ही ट्रेंड आतंकवादियों से कुछ वैसा ही करेगी कि जैसे फिल्म हाथी मेरे साथी में राजेश खन्ना अपने ट्रेंड हाथी को भेज देता है. वह हिरोइन को डराता है और उसके बाद में हीरोइन से दोस्ती कर लेता है. लेकिन हाथी तो उसका अपना ही था. हाथी ने हिरोइन को उतना ही डराया जितना उसे डराने की जरूरत थी. पाकिस्तान में जो आतंकवादी हैं वे वहां की सरकार के द्वारा न सिर्फ पोषित हैं बल्कि उसकी बुनियाद ही आतंक पर है. उसके नौकरशाही, विश्वविद्यालय और उसकी सेना और संस्थाएं आतंकवाद पोषित हैं. जिस किसी को भी इस पर संदेह हो उसे यह सवाल पूछना चाहिए कि पाकिस्तान का निर्माण किस आधार पर हुआ था। क्या उसमे इस्लामी आतंकवाद नहीं था। क्या वो आज के आतंकवाद से अलग था सैद्धांतिक तौर पर ही नहीं कर्म के रूप में भी आज जब संकट आन खड़ा हुआ है तो वो उन लोगों से संगठनों से यह आग्रह करेगा कि आप लोग कुछ समय के लिए शांत हो जाइए, किसी दूसरे काम में लग जाइए. चूंकि यह रणनीति की बात है. काफिर अगर गैर मुस्लिम लोग हैं उनको हम झांसे में लाएंगे, उनसे पैसा लेंगे. फिर इन्हीं पैसों से हथियार खरीदेंगे और धीरे-धीरे अपने पांव पर खड़े हो जाएंगे, मजबूत हो जाएंगे और फिर इनको मारेंगे. फिर जिहाद को आगे बढ़ाएंगे. कहा गया है कि कयामत के दिन हम विजयी होंगे और कयामत के दिन तक हम लोग खड़े रहेंगे और पूरी दुनिया को मुसलमान



बना देंगे. ये उनका सिद्धांत है. जब तक इस सिद्धांत को बुद्धिजीवी खास करके जो गैर मुस्लिम बुद्धिजीवी हैं वो लोग नहीं समझेंगे तो हम कभी भी उनकी रणनीति को नहीं समझेंगे. कोई कह सकता है कि वे तो मुसलमानों को भी मारते हैं. लेकिन वो इसलिए मारते हैं कि कौन शुद्ध मुसलमान है और कौन नहीं. कौन सुन्नत को मान रहा है कौन सुन्नत को नहीं मान रहा है. जब आपकी बुनियाद लड़ाई पर हो और कोई दुश्मन ही नहीं रहे तो आप कैसे जीवित रहेंगे. दुश्मन नहीं तो आप नहीं. यहां पर पाकिस्तान के समझ आईएमएफ ने कुछ ऐसी शर्ते रख दी हैं जिस कारण पाकिस्तान इस तरह की पॉलिसी पर बात करने को मजबूर हुआ है. चूंकि आईएमएफ और विश्व बैंक में जिन लोगों का शेयर है उन्होंने ऐसी शर्ते रख दी हैं तो अब वह ऑपरेशन ऑल आऊट चला रहा है। वह पहले से इस तरह का एक्शन क्यों नहीं लिया. पाकिस्तान एक मात्र देश है जो पूरी तरह से मिलिट्री के हाथ में है. बाकी देशों की अपनी मिलिट्री है लेकिन पाकिस्तान के बारे में यह बिल्कुल अलग है. वह देश ही मिलिट्री के हाथ में है. वहां कि मिलिट्री क्या है वह आतंकवादियों का एक फॉर्मल ट्रेनिंग सेंटर है. हमें इन चीजों को ठीक से समझने की जरूरत हैं. चूंकि पाकिस्तान हमारा पड़ोसी है. पड़ोसी हमारे चाहने और नहीं चाहने से नहीं होता है. हमें उसके साथ डील करना सीखना पड़ेगा. हमसे ज्यादा खराब स्थिति में तो इजराइल है. उसके तो तीनों तरफ दुश्मन ही हैं. फिर भी इजरायल टिका हुआ है. सिर्फ इसलिए है, क्योंकि वह अपने दुश्मनों की मानसिकता को समझता है. वह तकनीक में इतना आगे है कि अब उसके दुश्मन भी उसके आगे झुकने लगे हैं. हमें भी उन मामलों में सतर्क रहने के साथ ही नीति बनानी चाहिए.

दुनिया में दो ही स्थिति होती है. पहला या तो युद्ध होता है और दूसरा उसकी तैयारी होती है. युद्ध की तैयारी को शांति कहते हैं और जब युद्ध चल रहा होता है उसे शांति की वार्ता कहते हैं. अगर हम हजारों सालों का इतिहास उठाकर देखें तो पाएंगे कि जिन समाजों ने, देशों ने ऐसा नहीं किया उनका अस्तित्व ही मिट गया. छठी शताब्दी के पूर्व अरब में कौन लोग थे हम लोग कितना जानते हैं. उनकी स्वीकृति क्या थी, ज्ञान-विज्ञान क्या था, उनके गीत क्या थे, साहित्य क्या था उनके बार में कितना जानते हैं. क्योंकि नहीं पता है क्योंकि वो समाज बहुत ज्यादा सुसंगठित नहीं था. वह समाज युद्ध और शांति का जो गहन रिश्ता है उसको नहीं जानता है. युद्ध और शांति एक ही सिक्के के दो पहलू होते हैं. इसी के इर्द-गिर्द राष्ट्रीय नीतियां होती है, आर्थिक, सांस्कृतिक, शिक्षा, संविधान, विदेश नीति होती है. 1947 में अपने देश में 32 ऑर्डिनेंस फैक्ट्री थी. यानी 1947 में इंग्लैंड, अमेरिका, फ्रांस और कोई एक और देश इनको छोड़ कर कोई भी देश दुनिया में सैनिक के मामले में संपन्न नहीं था. भारत की तरफ से 24 लाख लोग अंग्रेजों के लिए द्वितीय विश्व युद्ध में लड़े थे. द्वितीय विश्व युद्ध जो जीता गया वो इंग्लैंड, अमेरिका और फ्रांस ने नहीं जीता था. वह भारत के सैनिकों ने जिताया था. ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में उसके बाद हमने जूता बनवाना शुरू कर दिया. हमने उसका रणनीतिक तौर पर इस्तेमाल नहीं किया. जब 1948 में पाकिस्तान ने हम पर हमला किया हमने रणनीति तौर पर उसे जवाब नहीं दिया. उस युद्ध में हमारे सैनिक तो जीत गए, लेकिन हमारे नेता हार गए.1962 में चीन से हमारे सैनिक युद्ध जीत गए लेकिन टेबल पर नेता हार गए क्योंकि हमने अपनी वायुसेना को हमला करने की अनुमति नहीं दी थी. 1971 में हमने बांग्लादेश तो बना दिया क्या हमने पीओके पर अपना कब्जा किया नहीं, वहां भी हमारे सैनिक जीत गए और नेतृत्व हार गया. जब हम आतंकवादियों के बारे में बात करें तो हमें यह देखना होगा कि आतंकवादी सरकारों से कितने जुड़े हैं. वहां के सैनिक से कितने जुड़े हैं. उनका नेताओं से कितना जुड़ाव है. पाकिस्तान में सैनिक का, नौकरशाही का, राजनीति का और मजहब का सभी का वहां के आतंकवाद से गहरा नाता है. ऐसे में आप उसको खत्म नहीं कर सकते हैं. आतंकवाद खत्म मतलब पाकिस्तान खत्म. ऑपरेशन ऑल आऊट महज एक दिखावा है और कुछ नहीं.

## भारत बनेगा विश्व गुरु, पीएम मोदी और मोहन भागवत के इस विचार का क्या है मतलब

भारत आने वाले समय में विश्व गुरु बनेगा..ये एक ऐसा विमर्श है, जो नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही सुर्खियों में है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही बीजेपी के तमाम बड़े नेता इस बात को सार्वजनिक मंचों से लगातार कहते आए हैं. इनके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत और उससे जुड़े लोग भी इस बात को दोहराते रहते हैं. अभी 9 अप्रैल को ही मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान मोहन आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने फिर से दोहराया कि 20 से 30 साल के बाद भारत विश्व गुरु होगा. आरएसएस प्रमुख ने इसके लिए बताया कि आने वाली दो-तीन पीढ़ियों को इस तरह से तैयार करना होगा, जो सजग होकर काम करे. उन्होंने विश्व गुरु बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कुछ आयामों का भी जिक्र किया. इनमें संघर्ष, जागरण के लिए सक्रियता, दुनिया के बाकी देशों के साथ संबंध बनाने के तरीके शामिल हैं. इसके साथ ही मोहन भागवत ने ये भी कहा कि छल-कपट फैलाने वाले आसुरी शक्तियों को उत्तर देना भी जरूरी है.

2019 में दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद से नरेंद्र मोदी इस बात पर ज़ोर देते रहे हैं कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है. आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर 15 अगस्त 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से इस बात की घोषणा की थी कि ये 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बना देना है. उन्होंने अगले 25 साल को देश के लिए अमृत काल बताया था. इस ऐलान के बाद चाहे बीजेपी के नेता हो या फिर आरएसएस के लोग, सभी बड़े ही जोर-शोर से भारत के विश्व गुरु बनने की बात को जनता के बीच रखते रहे हैं. दरअसल विश्व गुरु की बात को जोर-शोर से उठाकर नए नैरेटिव को स्थापित किया जा रहा है. ये एक तरह से नया राजनीतिक और सामाजिक विमर्श बनाने की कोशिश है. जब मोहन भागवत कहते हैं कि छल कपट फैलाने वाले लोगों को उत्तर देना जरूरी है, तो ये सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि हर तरह के प्रोपेगैंडा पर रोक लगे. चाहे उस प्रोपगैंडा को फैलाने वाले शख्स का संबंध किसी भी धर्म से हो. लेकिन मौजूदा हालात में इस तरह का माहौल बनाने की कोशिश सरकार की ओर से की जा रही है, ऐसा नहीं कहा जा सकता है. सिर्फ भाषणों में या बयानों में विश्व गुरु बनने की बात से कोई भी देश वैसा नहीं बन जाता. विश्व गुरु बनने के लिए जरूरी है कि पहले हम अपने देश के हर नागरिक को वो माहौल दें, जिनसे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या फिर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत..उनके विश्व गुरु की अवधारणा में देश के हर नागरिक, हर धर्म और हर समुदाय को समान मानने की बात जरूर शामिल होनी चाहिए. ये सिर्फ कागजी नहीं होना चाहिए, बल्कि कार्यों के साथ ही बिना भेदभाव के कार्यवाही में भी दिखनी चाहिए. जब आजादी के 75 साल बाद भी बड़े-बड़े मंचों से सरकार के प्रतिनिधि इस बात को गर्व के साथ कहते हैं कि सरकार देश की 80 करोड़ जनता को हर महीने 5 किलो फ्री राशन दे रही है, तो विश्व गुरु बनने के लिए इस दिखावे और प्रोपेगेंडा को खत्म करना होगा. ये गर्व या दंभ की बात नहीं है, बल्कि शर्म की बात है कि अभी भी हमें इतनी बड़ी आबादी को जीवन यापन के लिए फ्री राशन देना पड़ रहा है और हम उसका भी जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं. विश्व गुरु सिर्फ कहने से नहीं बन जाएंगे, जब तक देश में सौहार्द और भाईचारे का माहौल नहीं होगा, तब तक विश्व गुरु का विमर्श बेमानी है या सिर्फ राजनीतिक एजेंडा ही रहेगा. सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और नफरत भरे माहौल को बनाने में सरकारी स्तर और सत्ता से जुड़े लोगों या संगठनों की भूमिका को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा, तभी हम विश्व गुरु की राह पर आगे बढ़ पाएंगे. चाहे विश्व गुरु की बात हो या फिर विकसित राष्ट्र बनने की ..सबसे ज्यादा जरूरी है देश के हर लोगों तक बेहतर शिक्षा और उम्दा चिकित्सा सुविधा पहुंचे. इसकी शुरुआत तभी हो सकती है, जब इसके लिए हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा और प्राथमिक हेल्थ फैसिलिटी मिलने लग जाए. विश्व गुरु बोलने से नहीं बनते हैं, विश्व गुरु भारत को कौन बनाएगा..सबसे महत्वपूर्ण सवाल ये हैं और इसका जवाब है यहां के नागरिक बनाएंगे. तो फिर इसके लिए नागरिकों को सक्षम बनाने की जरूरत है, तार्किक बनाने की जरूरत है. यहां पर नागरिक कहने से मतलब हर एक नागरिक है. अगर हम मानते हैं कि फिलहाल देश की आबादी 135 करोड़ या 140 करोड़ के बीच है तो, हर एक नागरिक की अहमियत उस विश्व गुरु की संकल्पना में होनी चाहिए. ये सच है कि आर्थिक मोर्चे पर या जीडीपी बढ़ने के मोर्चे पर भारत ने पिछले 9 साल में तेजी से छलांग लगाई है. हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन गए हैं. ये भी तय है कि भारत 2023 में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगा. भारत 2023 में 3.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा और यूनाइटेड किंगडम पर अपनी बढ़त बनाए रखेगा. लेकिन वास्तविक मायने में हम विकसित भारत तो तभी बनेंगे या फिर आर्थिक तौर से विश्व गुरु भी तभी कहलाएंगे, प्रति व्यक्ति आय के मोर्चे पर भी दुनिया की अगुवाई करें. हम भले ही जीडीपी के मामले में पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन पर कैपिटा इनकम के मामले में हम अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक दुनिया के 197 देशों की रैंकिंग में 142वें पायदान पर हैं. दरअसल विश्व गुरु हम तभी बन सकते हैं, जब हम इस रैंकिंग को भी टॉप फाइव के भीतर पहुंचा दें. विश्व गुरु की अवधारणा में इस बात को शामिल करने की जरूरत है. सिर्फ भावनात्मक मुद्दा बनाकर राजनीतिक फायदे के लिए विश्व गुरु को लेकर बार-बार बयान देना सही नहीं है. इसके लिए हर नागरिक तक राजनीतिक और सामाजिक के साथ ही आर्थिक समानता के संकल्प को पूरा करने की जरूरत है, जिसमें नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत को वास्तविकता के धरातल पर उतारा जा सके. राष्ट्र तभी मजबूत बनता है या फिर विकसित होता है, जब उसमें हर नागरिक के विकास को सुनिश्चित किया जा सके. सिर्फ साक्षरता दर बढ़ाने के लिए शिक्षा नहीं हो, बल्कि तार्किक इंसान बनने के लिए शिक्षा हो, ऐसी शिक्षा प्रणाली के जरिए ही हम आने वाले वक्त में विश्व गुरु बन सकते हैं. विश्व गुरु बनने के लिए राजनीतिक व्यवस्था में सहमति और असहमति की जगह हो, इस सोच वाली पीढ़ी को बनाने की जरूरत है.असली राष्ट्रवाद भी वहीं है जिसमें हर नागरिक के चेहरे पर मुस्कान हो. अभी विश्व गुरु की बातें सिर्फ सत्ताधारी पार्टी के नेताओं या फिर सत्ताधारी पार्टी से जुड़े संगठनों से सुनने को मिल रही है. लेकिन ये अनुभव देश के लोगों को होना चाहिए कि उनके पास वो सारी सुविधाएं और परिस्थितियां उपलब्ध होने लगी हैं, जिससे भविष्य में वे देश को विश्व गुरु बनाने में अपना योगदान दे सकेंगे. सिर्फ विश्व गुरु का माहौल बनाने से हम उस दर्जा को हासिल नहीं कर पाएंगे. इसलिए ये बहुत जरूरी है कि विश्व गुरु की संकल्पना मात्र एक राजनीतिक विमर्श बनकर नहीं रह जाए, बल्कि इसे देश के नागरिकों से भी जोड़ा जाना चाहिए. तभी हम आने वाले 25 साल में सही मायने में विकसित राष्ट्र बन पाएंगे और खुद की बजाय दुनिया कहेगी कि भारत विश्व गुरु है.

# अनुसूचित जाति समाज के लोग जागृत होकर भाजपा को ही जिताएं : कैलाश यादव

## 16 अप्रैल को गवालियर महाकुंभ में अनुसूचित जाति समाज के लोग पहुंचकर भाजपा की चुनावी को तूफान में बदलें : ओपीएस भदौरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मेहंगाव । आगामी मिशन 2023 के विधानसभा एवं 2024 की लोकसभा चुनाव एवं 14 अप्रैल को भारतीय संविधान सभा के निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती एवं शहर को ग्वालियर में महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। प्रभावी तैयारियों को लेकर विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्र में मेहगांव में आयोजित की गई।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक कैलाश जाटव संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस में समाज में तुष्टिकरण नीति जलाकर वोट की राजनीति की डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को संसद में जाने से रोक कर समाज के साथ धोखा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अनुसूचित जात समाज के लिए अनेकों योजनाओं को संचालित करते हुए गरीब से गरीब को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। 16 अप्रैल को ग्वालियर में अनुसूचित जाति समाज द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर महात्मा आयोजित किया जिसमें दिनेश से समाज के लोग पहुंचकर इस कार्यक्रम में शिरकत करें और प्रदेश नेतृत्व का मार्गदर्शन प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि मिशन 2023 विधानसभा चुनाव में 2024 लोकसभा में समाज संगठित होकर भारत की जनता पार्टी का परचम कराकर केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में अपनी अहम भूमिका अदा करें। मध्य प्रदेश सरकार में




नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पीएस भदौरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के साथ धोखा कर उनका बालिका राजनीतिक षड्यंत्र रचाया। जनता पार्टी का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास यही भाव लेकर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाने का काम करने। कांग्रेस में हमेशा समाज के साथ तुष्टीकरण की राजनीति की । 16 अप्रैल को समाज के सभी लोग डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के महाकुंभ में पहुंचकर अपनी शक्ति का परिचय राय इसमें भारतीय जनता पार्टी के केंद्र और प्रदेश नेतृत्व का हमें मार्गदर्शन प्राप्त होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति समाज को संगठित एवं भाजपा बनाने का काम करें ऐसी मोर्चा के कार्यकर्ता। लाडली बहना योजना फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है और क्या के कार्यकर्ता इस योजना जन जन तक पहुंचा। प्रदेश महामंत्री मनीष राजौरिया ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर भगवान का दर्जा के रूप में देखा जाता है। कांग्रेस ने हमेशा समाज को विकास से दूर रखा। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पिंकी सागर ने संबोधित करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति समाज के लिए केंद्र राज्य सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं। विक्रम गोदिया में भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन लालाराम भिलवारे, एवं आभार व्यक्त भाजपा जिला महामंत्री धर्म सिंह भार्गव ने किया। जिला मंत्री रश्मि खटीक, जिला मंत्री उपेंद्र राजौरिया, व्यापारी की पोस्ट के जिला संयोजक सुरेश छारी, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया, भारत सिंह भदौरिया रिंकू, प्रदेश महामंत्री मनीष राजौरिया, धर्मेंद्र सरपंच, आदि लोग शामिल थे।

# कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव व मप्र प्रभारी जेपी अग्रवाल 13 को भिण्ड आयेंगे

## संस्कृति मैरिज गार्डन में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में करेंगे शिरकत

**पंकज त्रिपाठी, पुष्पांजली टुडे न्यूज**

भिण्ड । जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल 13 अप्रैल को भिण्ड आएंगे। श्री अग्रवाल 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे संस्कृति मैरिज गार्डन में जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के निर्देशन में आयोजित कांग्रेस के मंडलम, सेक्टर, बी.एलओ, और पार्टी के समस्त जिला कांग्रेस, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठों, विभागों के कार्यकर्ताओं के बीच मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह करेंगे । कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज द्वारा बताया गया है, कि कार्यक्रम समापन के बाद प्रदेश प्रभारी वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के गृह निवास पर जाकर सौजन्य भेंट करेंगे। श्री अग्रवाल 13 अप्रैल को रात्रि विश्राम भिण्ड सर्किट हाउस में करेंगे। और अगले दिन 14 अप्रैल को लहार में आयोजित संविधान बचाओ आमसभा में शामिल होंगे। कार्यक्रम में सभी विधायक,पूर्व विधायक, पूर्व लोकसभा एव विधानसभा प्रत्याशी, प्रदेश के पदाधिकारी जिला कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस, मंडल, सेक्टर, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठों, के अध्यक्षों पदाधिकारी गण सभी लोगों से प्रमुख रूप से उपस्थित होने की अपील की है ।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 70 से अधिक आवेदनों पर कार्यवाही के दिए निर्देश

**पंकज त्रिपाठी, पुष्पांजली टुडे**




भिण्ड । कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर के समक्ष 70 आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर जेपी सैयाम,प्रभारी डिप्टी कलेक्टर अखिलेश कुमार शर्मा एवं नवनीत कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी, शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए कि आवेदकों की ओर से प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदनों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए साथ ही समस्याओं के निस्तारण के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत भी कराएं।



## मालनपुर नगर परिषद में किया गया आधुनिक मशीन का प्रशिक्षण

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

नगर परिषद के 15 वार्डों के लिए मच्छर मारने वाली दवाई का छिड़काव करने के लिए आधुनिक मशीन का प्रशिक्षण किया गया जिसमें नगर परिषद कर्मचारियों को मशीन एक्सपर्ट बॉबी गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया है कि मशीन के टैंक में 10 लीटर डीजल में 100 ग्राम मच्छर मारने का केमिकल डालना है केसे चलागे ऊसका का तरीका बताया पहले मशीन के आगे वाले बाल खोलें दोनों उसके बाद काला बटन दबाकर मशीन को चालू करें और फिर केमिकल का वॉल खोलकर छिड़काव करना शुरू करें मशीन को चार्ज करने के लिए 50 मीटर केविल मशीन के साथ ही उपलब्ध कराई और कहा ध्यान रहे कहीं छिड़काव करते समय आगे वाले वॉल को बंद ना करें नहीं तो मशीन से आग निकलने लगेगी और हादसा हो सकता है इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश सिंह किरार, सीएमओ मनोज कुमार शर्मा, स्वच्छता स्पेक्टर राघवेंद्र शर्मा, सूरज परमार, नगर परिषद इंजीनियर प्रशांत, अखिलेश सिंह तोमर, कौशलेंद्र, बृजेश सिंह, मोरह सिंह, एवं समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णयानुसार चमकविहीन गेहूं के उपार्जन की अनुमति निम्नानुसार होगी

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णयानुसार चमकविहीन गेहूं के उपार्जन की अनुमति निम्नानुसार है । 10त्न से 80त्न तक चमकविहीन गेहूं के उपार्जन पर किसानों से कोई कटौत्रा किए बगैर पूर्ण समर्थन मूल्य की राशि का भुगतान किया जाए। भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रतिशत (80त्न) तक ही चमकविहीन गेहूं का उपार्जन किया जावे, इससे अधिक प्रतिशत तक चमकविहीन गेहूं स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपार्जन केंद्र के समिति प्रबंधक द्वारा सर्वेयर / गुणवत्ता परीक्षक के माध्यम से चमकविहीन गेहूं का विधिवत रिकॉर्ड रखा जाए एवं संबंधित किसान की तौल की गई उपज में कितना प्रतिशत गेहूं की मात्रा चमकविहीन है तथा सर्वेयर एप एवं ई- उपार्जन सॉफ्टवेयर में संबंधित सर्वेयर द्वारा किसान के डाटा में चमकविहीन गेहूं के प्रतिशत की अनिवार्य रूप से ऑनलाइन प्रविष्टि कराई जाए। उपार्जन केन्द्रों में यदि चमकविहीन गेहूं प्राप्त होता है, तो उपार्जन केंद्र के समिति प्रबंधक द्वारा चमकविहीन गेहूं की तौल एवं बिना चमकविहीन गेहूं की तौल पृथक-पृथक स्थान पर किये जाने की व्यवस्था की जाए। उपार्जन केन्द्र पर चमकविहीन गेहूं के बोरों पर स्याही /लाल कलर से मार्किंग (उदाहरण के रूप में) करके अलग से थप्पी लगाई जाए। बोरों पर स्याही /लाल कलर इस प्रकार से लगाया जाए कि जेड ( ॅ ) का निशान स्पष्ट रूप से दर्शित हो। स्याही /लाल कलर से मार्किंग जूट एवं पी.पी दोनों ही बोरों में की जाएगी। उपार्जन केन्द्रों में चमकविहीन गेहूं प्राप्त होने पर उपार्जन केन्द्रों द्वारा किसानवार चमकविहीन गेहूं की अलग-अलग थप्पियां लगाकर संग्रहण किया जाए तथा किसानवार गेहूं की चमकविहीन प्रतिशत का रिकार्ड भी रखा जाए। उपार्जन केन्द्रों से एफ ए क्यू एवं चमकविहीन का पृथक-पृथक ट्रकों में परिवहन कराया जाए एवं प्रत्येक ट्रक चालान पर चमकविहीन गेहूं का प्रतिशत अंकित किया जाए। एक ट्रक में दोनों प्रकार के गेहूं का परिवहन नहीं कराया जाएगा। उपार्जन एजेंसी के गोदाम प्रभारी की जिम्मेदारी होगी कि वह संग्रहण में चमकविहीन गेहूं की प्राप्ति होने पर किसानवार बोरों का परीक्षण करेगा एवं किसानवार चमकविहीन गेहूं के प्रतिशत का मैन्युअल एवं ऑनलाइन जारी किये जाने वाले स्वीकृति पत्रक में प्रविष्टि करेगा। उपार्जन संस्थाओं से प्राप्त चमकविहीन गेंहू के ट्रक चालानों में चमकविहीन का प्रतिशत नहीं होने पर अथवा भारत सरकार द्वारा चमकविहीन के स्वीकृत प्रतिशत से अधिक चमकविहीन पाये जाने पर ऐसे ट्रकों को भंडारण हेतु स्वीकार नहीं किया जाये एवं संबंधित उपार्जन केन्द्र को वापस किया जाएगा। भंडारण एंजेसी के संग्रहण केन्द्र प्रभारी का दायित्व होगा कि संग्रहण हेतु प्राप्त एफ ए क्यू एवं चमकविहीन गेहूं की उपार्जन संस्था वार पृथक-पृथक स्टेक लगाये जायें। गेहूं के स्टेक कार्ड में गेहूं के एफ ए क्यू अथवा चमकविहीन होने का पूर्ण विवरण अंकित किया जायेगा जिसमें ट्रक चालान में उल्लेखित चमकविहीन प्रतिशत को दर्ज किया जायेगा। भंडारण एजेंसी द्वारा स्वयं के संयुक्त भागीदारी योजना एवं अन्य अनुबंधित गोदाम मालिकों को लिखित में निर्देशित किया जाए कि एफएक्यू एवं चमकविहीन गेंहू को पृथक-पृथक संस्थावार स्टेक लगाकर भंडारित किया जाये। उक्तानुसार चमकविहीन गेहूं का उपार्जन सुनिश्चित किया जाए।

## गोहद ब्रांच एल आई सी अभिकर्ता बृजभूषण सिंह कुशवाह के उत्कर्ष कार्य लिए किया गया सम्मान

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर एलआईसी की ओपनिंग के दिन आज ब्रांच गोहद के अभिकर्ता बृजभूषण सिंह कुशवाह का आज अच्छे कार्य एवं अच्छे व्यवसाय को लेकर सम्मान किया जिसमें ब्रांच मैनेजर संदीप शर्मा ने कहा गोहद ब्रांच ऊर्जावान अभिकर्ता बृजभूषण सिंह कुशवाह का आज साही सम्मान किया गया है इसी क्रम डवलामेटं ऑफिसर राजेंद्र सिंह भूजवार ने कहा कि अभिकर्ता कुशवाह विकलांग होने के बावजुद भी उनकी लगन और मेहनत से वह दिन प्रतिदिन ऊंचाइयों हासिल कर रहे हैं मुझे बहुत गर्व है कि मेरे साथ कुशवाह जैसा अभिकर्ता है इस मौके पर उपस्थित रहे असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर नीरज आर्य, प्रशांत विजयवर्गी, मनोज सिंह, एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव से चौ राकेश सिंह ने की मुलाकात

**पुष्पांजली टुडे**



दिल्ली । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व मध्यप्रदेश प्रभारी पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल से मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी ने सौजन्य भेंट कर राजनीतिक बिषयों पर चर्चा की।

## कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं के गणित एवं संस्कृत विषय परीक्षा तिथि में संशोधन

**पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं के गणित एवं संस्कृत विषय की परीक्षा तिथि में संशोधन किया गया है। संशोधन समय सारणी अनुसार दोपहर 2 बजे से सायं 4.30 बजे तक 15 अप्रैल 2023 को शनिवार को कक्षा 5 एवं 8 गणित अथवा संगीत (दृष्टिवाधितों हेतु) एवं कक्षा 8 वीं का तृतीय भाषा संस्कृत की परीक्षा 17 अप्रैल 2023 सोमवार को कराई जाएगी।

## शा.उ.सी.कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण

**पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड** । जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती बसंती भूरिया ने अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय उत्कृष्ट सीनियर कन्या छात्रावास भिण्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली ।




# प्रतिपक्ष नेता डॉ गोविंद सिंह ने कराया रोजदारों को रोजाइफ्तार

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। लहार क्षेत्र के विधायक डॉ गोविंद सिंह ने रोजदारो को रोजाइफ्तार करा कर सभी मुस्लिम भाइयो के रोजे खुलबाये। बता दे कि इस समय मुसलमान भाइयो के रोजे चल रहे हैं। उनके लिए आज काँग्रेस कार्यालय पर रोजदार मुस्लिम भाइयो को पहले उनके लिए नगर की सभी मस्जिदों में रोजा खोलने के लिए मिठाई, फल, आदि समाग्री भेजी इसके बाद सभी लोगो ने आकर काँग्रेस कार्यालय पर पहुचे ओर सभी मुस्लिम भाइयो को नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने स्वयं बैठ कर रोजाइफ्तार कराया। इस बीच स्थानीय सभी छोटे, बड़े मुस्लिमयो ने डॉ सिंह से बार्तालाव भी किया बता दे कि डॉ गोविंद सिंह हर बर्ष रोजे के दिनों में सभी मुस्लिम भाइयो को रोजाइफ्तार करवाते चले आ रहे है। इस अवसर पर काँग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र दुधारिया, नगर परिषद उपाध्यक्ष हाकिम चौधरी, शिवनारायण दुबे (बल्लू बकील) राजा भैया पाल, राजेन्द्र खेमरिया, जगमोहन तेहरिया, माधव यादव, सुधीर तिवारी, शेरे पठान,



सना खान, सुरेश कौरव, दुर्गा राठौर,पप्पू पाल, नारायण दोहरे, महताब दोहरे, नफीस खान रियाज खान, रासबिहारी गोस्वामी, आदि मौजूद रहे।

**बार्ड 15 के लोग हुए काँग्रेस में शामिल-** भारतीय जनता पार्टी की बार्ड समझी जाने बाली बार्ड 15 कुरचानिया मोहल्ला के बासियों को भी आज भाजपा छोड़ने के लिए मजवूर होकर काँग्रेस में शामिल हो गए। इस बार्ड बासियों को भी आज डॉ गोविंद सिंह के सामने काँग्रेस की सदस्यता लेने पड़ी।इस अवसर पर प्रतिपक्ष नेता ने सभी को माला पहनाकर कर काँग्रेस में शामिल किया। एक सादा समारोहों में देबेन्द्र उदेनिया ने अपने निबास पर अपने मित्रो के साथ साथ परिवार सहित काँग्रेस में शामिल हुए शामिल हुए सदस्यों में मुन्ना उदेनिया, अरविंद उदेनिया, सन्तोष कुरचानिया, सीताराम कुशबाह, रतिराम रैकवार, लालदास कुशबाह, रमेश पारासर, शहीद खान, पूरन उदेनिया, मिथलेश खेमरिया, कमलेश खेमरिया, नारायण दास कुशबाह, रमेश रायकवार आदि सदस्य के नाम प्रमुख है।बता दे कि यह बार्ड भारतीय जनता पार्टी की जन्मजात बार्ड रही हैं।और इस बार्ड से काँग्रेस आज तक चुनाव नही जीत पाई पर आज इस बार्ड में भी कांग्रेस ने सेंध लगाकर भाजपाइयों की नींद उड़ा दी है।

# ज्योतिबाराव फुले ने सामाजिक और शिक्षा पर समाज को जागृत करने की प्रेरणा दी : मंत्री डॉ.अरविंद सिंह

## महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 197 जयंती मनाई, महात्मा ज्योतिबा फुले के विचार और सिद्धांत समाज तक पहुंचाएं पूर्व सांसदः रघुराज शाक्य

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**पंकज त्रिपाठी,**

**भिण्ड** । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने महान समाज सुधारक, महान क्रांतिकारी परम पूज्य महात्मा ज्योतिबा राव फुले जी की 197 वी जयंती के उपलक्ष्य में कलश मैरिज गार्डन, पुरानी रेलवे लाईन, रेमजापुरा रोड भिंड में जयंती जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मंत्री डॉ भदौरिया ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले का समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिन्होंने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए हम सबको प्रेरणा दी। कहा कि भिंड भूमि संतों की भूमि है जहां उनका पूर्ण सम्मान किया जाता रहा है यही भाव हम सबके मन में जागृत होना चाहिए और उन्होंने अध्यात्मिकता को भी आगे बढ़ाने का काम किया।भाजपा के वरिष्ठ नेता इटावा के पूर्व सांसद रघुराज शाक्य ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले ने बाल विवाह के दुष्परिणामों को लेकर वो लोगों को जागरूक करते रहे। गरीबों और दलितों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए ज्योतिबा फुले आजीवन संघर्ष करते रहे। उन्होंने 1873 सत्यशोधक समाज की स्थापना की। सामाजिक न्याय के प्रति उनके संघर्ष को देखते हुए 1888 में उन्हें महात्मा की उपाधि दी गई। मध्य प्रदेश बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष दर्जा राज्यमंत्री प्राप्त डॉ राजकुमार सिंह कुशवाह ने समस्त समाज के लोगों आग्रह किया कि 11 अप्रैल को उनकी जयंती पर हम सब एकत्रित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करें। भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र और राज्य सरकार पिछड़ा वर्ग समाज के लिए और अनेकों योजनाओं को उनके घर तक पहुंचाने के लिए कार्य किया है हमारी सरकार जनहित ऐसी सरकार है और महात्मा ज्योति राव फुले आध्यात्मिक विचारों को समाज तक पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछड़े लोगो के लिए काम करते हुए उन्होंने ही उनके लिए दलित शब्द का प्रयोग किया। उन्होंने महाराष्ट्र में सत्यशोधक समाज की स्थापना की




जिसका उद्देश्य दलित लोगों को न्याय दिलाना और उन को शिक्षा के प्रति जागरूक करके उत्पीड़न रोकना था। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले (ज्योतिराव गोविंदराव फुले) को 19वी. सदी का प्रमुख समाज सुधारकों में माना जाता है। उन्होंने भारतीय समाज में फैली अनेक कुरूतियों को दूर करने के लिए सतत संघर्ष किया। अछुतोद्धार,नारी-शिक्षा, विधवा - विवाह और किसानो के हित के लिए ज्योतिबा ने उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को सतारा महाराष्ट्र , में हुआ था। उनका परिवार बेहद गरीब था और जीवन-यापन के लिए बाग-बगीचों में माली का काम करता था। उन्ड़होंने विधवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए काफी काम किया। उन्होंने इसके साथ ही किसानों की हालत सुधारने और उनके कल्याण के लिए भी काफी प्रयास किये। स्त्रियों की दशा सुधारने और उनकी शिक्षा के लिए ज्योतिबा ने 1848 में एक स्कूल खोला। यह इस काम के लिए देश में पहला विद्यालय था। उन्हें इस प्रश्न का उत्तर नहीं सूझता कि - इतना बड़ा देश गुलाम क्यों हैड़ गुलामी से उन्हें नफरत होती थी। उन्होंने महसूस किया कि जातियों और पंथो पर बंटे इस देश का सुधार तभी संभव है जब लोगो की मानसिकता में सुधार होगा।उनका मानना था कि माताएँ जो संस्कार बच्चो पर डालती हैं, उसी में उन बच्चो के भविष्य के बीज होते है. इसलिए लडकियों को शिक्षित करना आवश्यक है। बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों से बहुत प्रभवित थे और उन्होंने कहा था । उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार महात्मा ज्योतिबा फुले के विचार और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए समाज को जागृत कर उनके विकास के लिए योजनाओं को संचालित कर रही है कांग्रेश ने वर्षो तक अनुसूचित जाति समाज का तुष्टीकरण नीति चलाकर शोषण किया भारतीय जनता पार्टी ने समाज को पूर्ण सम्मान देकर उन्हें अपना नेतृत्व देकर समाज सेवा के लिए कार्य सौंपा। इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में काम कर रहे देवेंद्र सिंह भदौरिया दद्दा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को जागृत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह भदौरिया,जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया,जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव,थान सिंह भदौरिया, विजय सिंह कुशवाह, प्रमुख रूप से मंचासीन थे।

## एक नजर...

### महात्मा ज्योतिवा फुले की जयंती पर चल समारोह का किसान कांग्रेस मुरैना ने किया भव्य स्वागत



आज मुरैना गल्ला मंडी गेट पर समाज सुधारक क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिवा फुले जी की जयंती के अवसर कुशवाह समाज द्वारा चल समारोह निकाला गया जिसका किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह डंगस के नेतृत्व में चल समारोह का पुष्प माला, एवं पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत में मंच पर दिमनी विधायक रविन्द्र सिंह तोमर भिडोसा,नगर निगम महापौर सारदा राजेंद्र प्रसाद सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष रघुराज गुर्जर,किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मोनू तिवारी अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष आरिफ पठान, हरेंद्र शर्मा, सौरव सोलंकी, बंटी किरार, विनोद जोनवार,सौरव मिश्रा,आकाश बाथम,नितिन कंसाना,नितिन नारोलिया,मोनू तोमर,मनीष अन्नाना, ऋषिकेश धाकड़,और अन्य साथी एवम किसान कांग्रेस की पूरी टीम ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### 12 अप्रैल को होने जा रहे आंदोलन को लेकर एसडीओपी कैलारस ने की शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील



**कैलारस।** नगर में मृतक पान सिंह जाटव वाले मुद्दे को लेकर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठन 12 अप्रैल को कैलारस एसडीओपी कार्यालय घेराव आंदोलन करने की घोषणा कर चुके हैं इसको लेकर एस डी ओ पी कैलारस संजय कोच्छा ने बताया कि इस आंदोलन को लेकर पुलिस की पूर्णता मुस्तैद है नागरिकों से अपील की हे नगर में शांति व्यवस्था बनी रहे इसका भरकस प्रयास पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा रहा है एसडीओपी ने नगर वासियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील मीडिया के माध्यम से की है उन्होंने उन्होंने कहा कि मृतक पान सिंह वाले मामले में मर्ग जांच में है जिस पर जोरा अनुभाग में विधिवत कार्यवाही जारी है और जो भी जांच में आएगा वह सामने आएगी मैं मीडिया के माध्यम से नगर वासियों से अपील करता हूं श्रीनगर में कानून व्यवस्था बनाए रखें शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### उपनिरीक्षक ने थाने के सामने चैकिंग पॉइंट लगाकर चलाया चेकिंग अभियान

#### उपनिरीक्षक जादौन ने थाने के सामने चेकिंग पॉइंट लगकर चलाया चेकिंग अभियान



उपनिरीक्षक प्रीती जादौन ने बताया की श्रीमान एसडीओपी संजय कोच्छा एव थाना प्रभारी वेदेन्द्र कुशवाह दुबारा कैलारस थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराधो को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा इसी श्रीमान के आदेश अनुसार पुलिस थाना गेट के सामने पुलिस स्टाप के साथ चेकिंग पॉइंट लगाकर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें दो पाईया बाहन चालकों के हेलमेट चार पाईया बहनों एव लोडिंग बहनों के दस्तावेज एव लाइसेंस चेक गए गये बही जिन बाहन चालकों पर दस्तावेज नही थे उनके बाहन चालकों के खिलाफ चलानी कार्रवाई कर 24 रसीद काटकर 4800 रुपये की राशी बसूली गई बही बही कुछ बहनों यातयात नियमो का पालन करने की समझाइश दी गई बही बहनों की डिग्गी एव कबर्ड बहनों को चेक किया गया बही जिससे कि अवैध मादक पदार्थों पर रोक लगाई जा सके हमरा उद्देश्य अपराधों को रोकना हैं आप लोग सहयोग करे कैलारस पुलिस आपके साथ है अगर आपके पास किसी भी आपराधिक गतिविधियों की जानकारी हो तो तत्काल थाने पर सूचना दे आपका नाम गोपनीय रखा जायेगा। उपनिरीक्षक प्रीति जादौन, सहायक उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक पंचम सिंह, आरक्षणक महेंद्र, देवेंद्र, ब्रजराज, राकेश, दीपेंद्र, शिवकुमार सहित अन्य स्टाप मौजूदा रहा

### श्रम संसाधन विभाग द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए धावा दल का संचालन किया गया

श्रम संसाधन विभाग द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए धावा दल का संचालन किया गया। बाल श्रम उन्मूलन हेतु गठित धावा दल ने भागलपुर शहरी क्षेत्र के अंतर्गत रंजीत साह के नास्ता दुकान , नाथनगर, भागलपुर में छापेमारी की जहां एक बाल श्रमिक कार्यरत पाया गया जिसे विमुक्त कराकर बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थित किया गया जिसके आदेश से विमुक्त बाल श्रमिक को बाल गृह भागलपुर भेज दिया गया है। विमुक्त बाल श्रमिक के पुनर्वास हेतु सभी प्रकार के योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। दोषी नियोजक/दुकान मालिक श्री रंजीत साह के विरुद्ध नाथनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बाल मजदूरी पर अंकुश लगाने के लिए श्रम अधीक्षक भागलपुर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी नाथनगर अश्वनी राज, , श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गोपालपुर आदित्य कुमार एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सुलतानगंज अभिनव आलोक लेकर धावा दल का गठन किया गया था। इस दल ने भागलपुर शहरी क्षेत्र के दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया। लगातार हो रही कार्रवाई से बाल श्रम करवाने वाले नियोजकों के बीच डर का माहौल है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### कस्तूरबा गांधी और ज्योतिबा फुले जी की जयंती पर कार्यक्रम किया गया


कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जगदीशपुर में कस्तूरबा गांधी जी तथा समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले जी की जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत जगदीशपुर के मुखिया लालमती देवी, ग्राम कचहरी जगदीशपुर के सरपंच भारती देवी, संचालक आशुतोष चन्द्र मिश्र, वार्डेन सपना कुमारी, शिक्षिका फूल कुमारी तथा अभिभावकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर वर्ग आठ में सफल छात्राओं की विदाई समारोह आयोजित किया गया।। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों ने अतिथियों तथा अभिभावकों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर विद्यालय कर्मी राजकिशोर, बाबू लाल, रिंकु देवी, वृंदा देवी, सुशीला देवी तथा विद्यालय की छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

# सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्तः कलेक्टर

बिलासपुर। कलेक्टर सौरभ कुमार ने कहा कि जिले में चल रहे सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। फिलहाल प्रगणक टीमों द्वारा प्रतिदिन किए जा रहे सर्वेक्षण की प्रगति को कलेक्टर ने नाकाफी बताते हुए सर्वेक्षण की गति बड़ाने के निर्देश दिए हैं। बेरोजगारी भत्ता योजना का क्रियान्वयन भी सुचारू रूप से करने कहा। बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदनों के सत्यापन के लिए गठित भौतिक सत्यापन दल को प्रतिदिन आवेदनों को सत्यापन करने के निर्देश दिए। बेरोजगारी भत्ता हेतु आवेदक के पात्र होने पर बैंक से नाम और खाता संख्या सत्यापित होने के बाद उन्हें आदेश पत्र जारी करने और पोर्टल में दर्ज कराने को कहा। उन्होंने कहा कि दोनों कार्यो में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाएं। कलेक्टर ने आज यहां मंथन सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक टीएल की बैठक में योजनाओं की समीक्षा करते हुए इस आशय के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने राज्य सरकार की फ्लैगशीप योजनाओं सहित विभागवार योजनाओं एवं टीएल प्रकरणों की गहन समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयश्री जैन, नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत, एडीएम आर.ए. कुरूवंशी सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए गोबर खरीदी की गति बड़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सक्रिय गोठान, रीपा के कार्य, वर्मी खाद विक्रय सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अभियान चलाकर जिले में शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने कहा। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने नगर पंचायत क्षेत्रों के लिए शुरू की गई राजीव गांधी भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्रवासी हर पात्र परिवार को इस योजना का लाभ दिलायें। योजना का जनप्रतिनिधियों एवं पार्षद के सहयोग से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। इसके साथ ही समय सीमा की बैठक में जन शिकायत, जनदर्शन तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों के विभागवार जानकारी लेते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।




### जनहित के लिए समर्पित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा ना की जाय - प्रजातंत्रिक मूल्यों को कायम रखा जायःकिसान सुब्रत



रीवा। भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष एवं राष्टीय किसान समन्वय समिति के सदस्य किसान सुब्रत ने कामरेड लाल मणि त्रिपाठी जिला पंचायत सदस्य के साथ हुई जिला पंचायत कि घटना जन हित के मुद्दो को उठाए तो सदस्यता खत्म करने कि बात और भी जो कुछ हुआ समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत हुआ । प्रजातंत्र में क्या ऐसा होना चाहिए है। सोचनीय है। आज के समय में जनता के लिए पूर्णतया अपना पूरा समय दिन रात मेहनत करके सेवा भाव से अपने आपकी परवाह किए बिना कार्य करना जन हित के मुद्दो के लिए संघर्ष करना बहुत बडी बात है । जनहित के मुद्दे उठाने वाले जनप्रतिनिधि अगर सत्ता पक्ष के नहीं है तो उसकी अनदेखी आखिर क्यों की जाती हैं समझ से परे है । प्रजातंत्रिक अधिकारों की उपेक्षा ना की जाय। इसमें रोक लगायी जाय, क्या जनप्रतिनिधि जनता से सम्बंधित मुद्दे ना उठाए जो विपक्ष के हो। किसान सुब्रत ने मुख्यमंत्री जी से मांग कि है कि निर्देशित करे कि जनप्रतिनिधियों के जन हित के मुद्दो को सुना जाय कार्य वाही की जाय ना कि सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि ही जनप्रतिनिधि है बाकी की उपेक्षा की जाय जनहित के मुद्दों को जिनका जनता का हित जुडा रहता है उपेक्षा ना कर जन हित की बातें जो भी जनप्रतिनिधि करें सत्ता पक्ष या विपक्ष उनमें अमल कर जनता के हित के कार्य प्रथमिकता से किए जाय। जनता के हित प्रभावित ना हों जनता के हितों से सम्बंधित मुद्दों को सर्वोपरि रखा जाय ।

# सत्य को जानने के लिए हमें मानव चेतना से ऊपर उठना चाहिए

चित्त (अटेंशन) के महत्व के बारे में सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने हमें दिग्दर्शित किया है कि, आपके पास जो चित्त है, वह वास्तविकता को जानने का एकमात्र तरीका है। आपका अपना चित्त महत्वपूर्ण है, न कि दूसरों का चित्त या दूसरों पर आपका चित्त! यह स्पष्ट रूप से समझा जाना चाहिए। यदि आप इस बात को समझ जाएँ कि पूरी चीज का उपभोग अपने चित्त के माध्यम से अपने उच्च अवस्था तक उत्थान के लिए आपके द्वारा किया जाना है, तो, यह काम करेगा। लेकिन चूँकि आप हमेशा, दूसरों के बारे में सोचते हैं और, आप हर समय अपनी समस्याओं के बारे में सोचते हैं ङ्क कुछ फालतू चल रहा है, जिसके बारे में आप चिंतित हैं और यह जानते हुए कि इन सभी निरर्थक बातों का कोई मूल्य नहीं है। यह आपका चित्त है जिसे ऊपर उठना है और प्रगति करना है। यह दूसरी बात है की ,आप इसमें कितना गए या, आपने इसे कितना खोजा है, आपने इसे कितना ऊपर उठाया है। यह एक अलग बात है की,



आपका चित्त कितना प्रकाशित हुआ है। लेकिन यदि आप उस हद तक प्रबुद्ध हो जाते हैं तो आपका चित्त भगवान है । आप के अस्तित्व का पूरा कैनवास चित्त ही है। आप के चित्त का जो कुछ भी रवैया, आकर्षण, अथवा गतिविधि है वैसा इस कैनवास पर दिखता है। सत्य है, वही है, हम सत्य को बदल नहीं सकते, इसकी कल्पना नहीं कर सकते और इस मानव चेतना के साथ इसे जान भी नहीं सकते हैं, सत्य जो है अपनी जगह है, सत्य को जानने के लिए हमें मानव चेतना से ऊपर उठना चाहिए। जब कुण्डलिनी हमारे चक्रों को भेदती है तो उन्हें जागृत कर देती है, उनको प्लावित कर देती है और उसके कारण हमारी शारीरिक-मानसिक- बौद्धिक जो भी परेशानियां हैं वो दूर हो जाती हैं, यहाँ तक कि हमारा लक्ष्मी तत्व भी जागृत हो जाता है। अब मैं आपसे यह बताना चाहती हूँ कि आत्मा का क्या चमत्कार है, आत्मा जब हमारे अंदर प्रकाशित होता है तो हमारा जो चित्त है वो भी प्रकाशित होता है, वो चित्त ऐसा प्रकाशित हो जाता है कि उस प्रकाशित चित्त को हम जहां भी लगायें, उसकी खबर हमारे पास आ जाती है। हमें यह समझना है कि हमारा चित्त दूसरों के दोषों को देखने के लिए या उनकी आलोचना करने के लिए नहीं, अपितु दूसरों के काम आने पर होना चाहिए। अगर आप दूसरों के लिए काम करना शुरू करते हैं तो आप आश्चर्यचकित रह जाएंगे, आपका चित्त पैना हो जाएगा। यह चित्त अत्यंत प्रभावकारी रुप से कार्य करेगा। और आप स्वयं एक अलग तरह के इंसान बन जाएंगे। सहजयोग में कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के पश्चात् आपका पूरा नियंत्रण अपने विचारों व चित्त पर होना सहज ही संभव हो जाता है। अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# कांग्रेस 60 साल में शौचालय तक नहीं बना पाईः राजो मालवीय

बैरसिया।। भाजपा सरकार में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माताओं बहनों की फ़िक्र करते हुए उन्हें वह सबकुछ दिया जो कांग्रेस 60 सालों में नहीं दे पाई माताएं बहनों को घर के बहार शौच करने के लिए जाना पड़ता था जिससे उन्हें काफी परेशानी और शर्मिंदगी महसूस होती थी मगर कांग्रेस सरकार को यह कभी महसूस नहीं हुआ और 60 साल में कांग्रेस सरकार एक शौचालय तक नहीं बनवा सकी। यह बात भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा भोपाल जिला ग्रामीण द्वारा आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी एवं महत्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के अवसर पर ग्राम रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुश्री राजो मालवीय ने कही साथ ही कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं का पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत भी किया इस दौरान राजो ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि पहले योजनाओं के क्या हाल थे यह सभी भलीभांति जानते हैं। केंद्र से एक रुपए चलता था हितग्राही तक आते-आते 10 पैसे भी नहीं बचता था आज हमारी मोदी सरकार में एक रूपए भी आता है तो सीधे हितग्राही के खाते में एक रुपए ही जमा होता है। ऐसी अनेकों योजनाएं हमारी सरकार द्वारा चलाई जा रही जिन्हें मैं अगर गिनाऊं तो 24 घंटे का वक्त भी कम पड़ जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ महत्मा ज्योतिबा फूले के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया इस दौरान जिला अध्यक्ष अमित चौहान ने महत्मा ज्योतिबा फूले के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज महिलाएं शिक्षित हैं तो वह ज्योतिबा फूले जी की देन हैं। सती प्रथा जैसी कुप्रथा का विरोध अगर किसी ने किया तो वह ज्योतिबा फूले ने किया और महिलाओं को शिक्षा और सम्मान दिलाने में इनका बड़ा योगदान रहा कार्यक्रम में भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजमल कुशवाह, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष अमित चौहानड़ विस्तारक सुमन गुप्ता चंद्र मोहन साहू उपाध्यक्ष रघुबीर जाट कोमल मीणा। जयनारायण बैरागी कार्यकम आयोजक जितेन्द्र दांगी सहित भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के आलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### नोरगी गांव से गंजा तस्कर भोला यादव गिरफ्तार

**दुमका/झारखण्ड।** दुमका ज़िले रानीश्वर क्षेत्र के पुलिस प्रशासन ने नोरंगी गांव से सोमबार गांजा तस्कर भोला यादव को गिरफ्तार कर लिया हैं ,साथ ही उसका बाईक के साथ एक किलो पांच सौ ग्राम गांजा जप्त कर लिया हैं ।जानकारी के अनुसार दुमका सिउड़ी पथ के महेशखाला चेक नाका में रबिबार छापेमारी के क्रम में भोला का बाइक से गांजा बरामद हुई हैं ।भोला पुलिस को चकमा देकर अपना गांव नोरंगी भाग गया था ।सोमबार के सुबह रानीश्वर पुलिस-प्रशासन ने नोरंगी पंहुच कर भोला को गिरफ्तार कर लिया हैं ।

### ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक प्रसार को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला उद्योग केंद्र के पदाधिकारियों, जिला कृषि पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, जिला योजना पदाधिकारी, सहायक निदेशक उद्यान की बैठक संपन्न हुई जिसमें जिलाधिकारी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश दिया गया। इस बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार की औद्योगिक नवप्रवर्तन योजना को सही तरीके से लागू कराने के लिए पदाधिकारी सभी संभावनाओं की तलाश करें। जिलाधिकारी के द्वारा औद्योगिक नवप्रवर्तन योजना की प्रगति की जानकारी ली गई जिसमें महाप्रबंधक उद्योग के द्वारा बताया गया कि जिला में कुल पांच क्लस्टर के चयन का लक्ष्य प्राप्त था जिसके आलोक में 4 क्लस्टर की स्थापना कराई गई है। इसके लिए क्लस्टर समूहों दस-दस लाख की राशि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कक पातेपुर अंचल के बलिगांव में गारमेंट्स उत्पादन, राजापाकर प्रखंड के बेलकुंड में फर्नीचर उत्पादन, महुआ प्रखंड के मदरना में मधु उत्पादन, लालगंज प्रखंड के खात्रों में मशरूम उत्पादन केंद्र स्थापित कराया गया है। आज बैठक में पांचवें कलेक्टर के रूप में भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत सतपुरा ग्राम में बांस एवं वेत से संबंधित वस्तुओं के निर्माण के लिए वेणु शिल्प कला केंद्र के चयन का निर्णय लिया गया।



# सेवा अवधि के विस्तार की मांग को लेकर तेजस्विनी कर्मियों ने विधायक नलीन सोरेन को सौंपा ज्ञापन

दुमका/झारखण्डष तेजस्विनी परियोजना की सेवा अवधि का विस्तार करने की मांग को लेकर जिले भर के तेजस्विनी कर्मियों ने सोमवार को झामुमो विधायक नलिन सोरेन से उनके काठीकुंड स्थित आवास में मिलकर संयुक्त रूप से एक ज्ञापन सौंपा। मौके पर उषा देवी,गुलाबशाह खातून, शबनम बीवी,प्रिया शाह,प्रेमलता मरांडी,ज्योति कुमार सोरेन, प्रसनजीत लाहा,रंजीत कुमार गोन, कर्नल मुर्मू,नरेश सोरेन के साथ सैकड़ों तेजस्विनी कर्मी उपस्थित थे। तेजस्विनी कर्मियों ने बताया कि मौखिक रूप से 25 अगस्त तक इस परियोजना की समाप्ति की जानकारी दी गयी है।बताया गया कि परियोजना के समाप्त होने से झारखंड के 17 जिले के दस हजार से अधिक लोग इस नियुक्ति वर्ष में बेरोजगार हो जायेंगे।,वर्ष 2019 से इस परियोजना के तहत 14-24 वर्ष के किशोरी-युवतियों के सशक्तिकरण को लेकर हम सभी ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। विधायक को बताया कि परियोजना के तहत 2876 पंचायत के 20,838 गांव के 10,89,063 किशोरी-युवती को जीवन कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें मानसिक रूप से सशक्त किया गया है। तेजस्विनी क्लब के सहयोग से सुरक्षा प्राप्त कर युवतियों द्वारा बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोका गया है। 9600 से ज्यादा युवतियों को व्यवसायिक कौशल प्रशिक्षण दे कर आय अर्जन के योग्य बनाया गया है। जबकि अब तक 10,400 से ज्यादा किशोरी को शिक्षा सेवा के तहत सेतु शिक्षा प्रदान करने का काम किया गया है। कर्मियों ने बताया कि पैड बैंक की स्थापना कर कम दाम में सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का काम किया गया है। बताया कि विश्व बैंक के तरफ से भी परियोजना की प्रशंसा करते हुए तेजस्विनी फेज 2 के साथ ही अन्य बाकी सात जिलों में इस परियोजना को आरंभ करने की इच्छा जताई गयी है। सभी ने विधायक से मांग करते हुए कहा कि 10,039 लोगो का परिवार बेरोजगारी और भुखमरी से न गुजरे,इसके लिये परियोजना की सेवा अवधि का विस्तार कराने की कृपा की जाय। विधायक ने सभी तेजस्विनी कर्मियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस संबंध में कल्याण मंत्रालय से बात कर सभी विषयों को जाना जायेगा। गांव के किशोरी युवतियों को जागरूक कर विभिन्न क्रियाकलाप करने वाले इन कर्मियों की मांगों को लेकर गंभीरतापुर्वक विचार किया जायेगा।

### कोरोना तो है ट्रेलर, पिक्चर तो अभी बाकी हैः बाबा उमाकान्त जी महाराज



बिमारियों से बचने का उपाय बताने वाले, पक्के देशभक्त, इस समय के पूरे समरथ सन्त सतगुरु, परम दयालु, त्रिकालदर्शी, दुखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 9 अप्रैल 2023 प्रातः सिंगरौली (मध्य प्रदेश) में दिए संदेश में प्रकृति द्वारा शाकाहारी और मांसाहारी जीवों में बनाई गयी कई विभिन्नताओं को गिनाते हुए समझाया कि शाकाहारी बनो और बनाओ। मांस-शराब और नशीली गोलियों की आमदनी से कोई भी देश तरक्की नहीं कर पायेगा। भारतीय संस्कृति को, मानव धर्म को लाना पड़ेगा, उससे शांति आएगी। हमको यही कहना है- हाथ जोड़कर विनय हमारी, तजो नशा बनो शाकाहारी। अस्पताल में रिसर्च करो, शाकाहारी कम, मांसाहारी ज्यादा मिलेंगे। कोरोना तो ट्रेलर है, पिक्चर तो अभी बाकी है। इसीलिए हत्या हिंसा से बचो और ऐसा कोई भोजन मत खाओ जिसमें मांस का हिस्सा रहता है।

## रिया चक्रवर्ती के कमबैक की अनाउंसमेंट पर भड़कीं एसएसआर की बहन प्रियंका





तीन साल बाद एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती एमटीवी के रियलिटी शो 'रोडीज सीजन 16' से कमबैक कर रही हैं. रिया के इस शो का प्रोमो वीडियो सोमवार को लॉन्च किया गया. वहीं रिया के इस शो के टीजर रिलीज के बाद दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की बहन प्रियंका सिंह भड़क गई हैं और उन्होंने रिया पर जमकर निशाना साधा है. बता दें कि सुशांत सिह राजपूत की मौत मामले में रिया चक्रवर्ती भी आरोपी थी. एक्टर के परिवार ने रिया पर कई गंभीर आरोप लगाए थे. मौत के वक्त सुशांत रिया को डेट कर रहे थे.सुशांत सिंह राजपूत की बहन प्रियंका ने रिया पर साधा निशाना चैनल द्वारा जारी किए गए प्रोमो में रिया एक दमदार लुक में दिख रही हैं. इस दौरान वे कैमरे के सामने कहती हैं, आपको क्या लगा में वापस नहीं आऊंगी, डर जाउंगीज डरने की बारी किसी और की है. वहीं इस वीडियो के रिलीज के बाद एसएसआर की बहन प्रियंका ने रिया चक्रवर्ती पर निशाना साधते हुए हिंदी में आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए ट्वीट किया. उन्होंने लिखा, तुम क्यों डरोगे। तुम तो वेश्या थी, हो और रहेगी! प्रश्न ये है कि तुम्हारे उपभोक्ता कौन हैं। कोई सत्ताधारी ही ये हिम्मत दे सकता है. एसएसएसआर के केस में देरी के ले कौन जिम्मेदार है क्लियर है. बता दें कि सुशांत सिंह राजपूत 14 जून 2020 को अपने फ्लैट में फांसी के फंदे से लटके हुए मिले थे. मुंबई पुलिस से शुरू करके प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), सीबीआई और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने मामले की जांच की थी. रिया को सितंबर 2020 में सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े ड्रग मामले में गिरफ्तार किया था. मुंबई की भायखला जेल में एक महीना बिताने के बाद उन्हें अक्टूबर 2020 में ज़मानत पर रिहा कर दिया गया था.

## मिनी फ्रॉक पहनने पर बुरी तरह ट्रोल हुई दिशा पाटनी



बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी ना सिर्फ अपने ग्लैमरस लुक और फिटनेस के लिए अपने फैन्स में पॉपुलर हैं बल्कि उनकी ड्रेसिंग सेंस को लेकर भी फैन्स काफी उतावले रहते हैं. लेकिन इस बार दिशा की ड्रेस ने उन्हें ट्रोल करा दिया. दरअसल दिशा को एक लंच डेट के दौरान स्पॉट किया गया जहां उन्होंने एक शॉर्ट ड्रैस पहनी थी. जिसे लेकर फैन्स ने उन्हें जमकर ट्रोल कर दिया. हालांकि दिशा अपनी बोल्ड अप्रोच और ग्लैमरस लुक्स की वजह से लाखों फैन्स की चहेती हैं लेकिन इस बार उन्हें ट्रोल्स का सामना करना पड़ा है. हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों और वीडियोज में दिशा पाटनी एक फ्लोरल मिनी फ्रॉक में दिखाई दे रही हैं. ये वीडियो इंस्टा बॉलीवुड ने भी अपने इंस्टाग्राम एक्ट्रेस का एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें वो खुले बालों और लाइट मेकअप में काफी खूबसूरत भी दिख रही हैं. एक्ट्रेस के इस लुक को जहां कुछ फैन्स ने पसंद किया तो कुछ फैन्स ने उन्हें इन कपड़ों के लिए निशाने पर भी ले लिया. तस्वीरों को लेकर कई फैन्स ने दिशा को जमकर ट्रोल किया. साथ ही सोशल मीडिया पर अजीबोगरीब कमेंट्स की बाढ़ सी आ गई. एक यूजर ने लिखा कि, 'इसके कपड़े हर दिन छोटे ही होते जा रहे हैं.' वहीं दूसरे ने दिशा की ही फिल्म 'हीरोपंती' का डॉयलॉग लिखकर उन्हें ट्रोल किया. यूजर ने लिखा, 'छोटी बच्ची हो क्या ...' वहीं कुछ यूजर्स ने दिशा की तुलना उर्फी जावेद के ड्रेसिंग स्टाइल से करते हुए खिंचाई भी की. एक यूजर ने लिखा कि, 'उर्फी की बहन बर्फी...' वर्क फ्रंट की बात करें तो दिशा पाटनी जल्द ही सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ फिल्म 'योद्धा' में दिखाई देंगी. वहीं इसके अलावा अमिताभ बच्चन, प्रभास के साथ फिल्म प्रोजेक्ट के में भी वो दिखाई देने वाली हैं.

## जब ऐश्वर्या राय ने भरी भीड़ में अभिषेक को गुस्से में दिखाईं आखें





अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन बॉलीवुड के सबसे प्यारे कपल माने जाते हैं. दोनों की केमिस्ट्री को फैंस बेहद पसंद करते हैं. हालांकि सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है. इस वीडियो में ऐश्वर्या अपने मिस्टर हसबैंड अभिषेक और नव्या नवेली नंदा से थोड़ी चिढ़ी हुई और खफा-खफा सी नजर आ रही हैं. ऐश्वर्या की अभिषेक से नाराजगी का वीडियो बेतहाशा शेयर किया जा रहा है जिसके बाद ऐश को उनके बिहेवियर की वजह से ट्रोल भी किया जा रहा है. वायरल हो रहा वीडियो अभिषेक की टीम जयपुर पिंक पैंथर्स के कबड्डी मैचों में से एक का है. छोटी सी क्लिप में ऐश्वर्या को बेटी अराध्या के साथ स्टैंड में बैठे देखा जा सकता है. इसी दौरान अभिषेक ऐश्वर्या से कुछ कहते हुए दिखाई दे रहे हैं लेकिन एक्ट्रेस पति की तरफ गुस्से में आंखे तरेरती हुई नजर आती हैं. इसके बाद ऐश्वर्या अभिषेक की भांजी नव्या के साथ भी रूखा बर्ताव करती नजर आती हैं. वीडियो में अभिषेक के करीबी दोस्त और एक्टर सिकंदर खेर और पूजा हेगड़े भी नजर आ रहे हैं. वैसे ये पहली बार नहीं है जब ऐश और अभिषेक ने पब्लिकली एक दूसरे के लिए गुस्सा दिखाया हो. इससे पहले सुभाष घई की बर्थडे पार्टी के दौरान भी ऐश्वर्या अभिषेक से खफा ही नजर आई थीं. वहीं एक बार अभिषेक ऐश को पैपराजी के लिए पोज देते समय गुस्से में छोड़कर चले गए थे. इस बात के लिए दोनों को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल होना पड़ा था. वर्क फ्रंट की बात करें तो ऐश्वर्या की पोन्नियन सेल्वन 2 रिलीज होने के लिए तैयार है. हाल ही में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया था. वहीं फिल्म 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. वहीं अभिषेक बच्चन जल्द ही आर बाल्की की फिल्म घूमर में नजर आएंगे.

## जिस पति ने शुभांगी अत्रे के लिए छोड़ दिया था करियर



'भाबी जी घर पर है' में अंगूरी भाभी का किरदार निभाकर एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे ने घर-घर में पहचान बना ली. 'भाबी जी...' ने उनके करियर को फर्श से अर्श तक पहुंचा दिया, लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ स्थिर नहीं रही. कुछ समय पहले शुभांगी ने खुलासा किया था कि उन्होंने अपनी 19 साल की शादी पिछले साल ही खत्म कर दी. जानते हैं क्यों। शुभांगी अत्रे ने पुणे के रहने वाले पीयूष पूरे साल 2003 में शादी की थी. वह और उनके पति के प्यार की शुरुआत स्कूल के दिनों से शुरू हुई थी. दोनों ने लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट किया और कम उम्र में ही शादी रचा ली. महज 19 साल की उम्र में शुभांगी मिसेज पीयूष पूरे बन गई थीं. शादी के तुरंत बाद उन्हें एक प्यारी बेटी हुई, जिसका नाम आशी है और अब वह 18 साल की हैं. एक इंटरव्यू में शुभांगी ने बताया था कि जब उनकी बेटी 2 साल की थी, तब उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने का फैसला किया था. उस दौरान जिसने उनकी सबसे ज्यादा मदद की और मोटिवेट किया, वह कोई और नहीं उनके पति थे. एक तरफ जहां शादी के बाद कई बार एक्ट्रेसेस अपने करियर का त्याग कर देती हैं या फिर उन्हें मजबूरी में ऐसा कदम उठाना पड़ता है. हालांकि, पति के सपोर्ट के चलते वह शादी के बाद एक्टिंग में हाथ आजमाने का फैसला लिया. पीयूष पूरे ने सिर्फ शुभांगी को करियर बनाने के लिए मोटिवेट नहीं किया, बल्कि पूरा सपोर्ट भी किया. उन्होंने अपनी बीवी के लिए नौकरी छोड़ दी. पीयूष एक एड कंपनी में काम करते थे. बेटी के एक साल के होने के बाद शुभांगी को अक्सर ऑडिशन के लिए जाना पड़ता था, तब उनके पति उनकी बेटी का ध्यान रखते थे. शुभांगी के सपने के लिए उन्होंने अपने करियर की भी फिक्र नहीं की थी. जब शुभांगी सेटल हो गईं, तब पीयूष ने फिर से काम शुरू कर दिया था. शुभांगी अत्रे पिछले एक साल से पीयूष से अलग रह रही हैं. उन्होंने बॉम्बे टाइम्स संग बातचीत में खुलासा किया था कि उनके बीच कुछ पर्सनल इश्यूज थे. दोनों ने इसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन असफल हो गईं. इसलिए उन्होंने अलग होने का फैसला किया.

## कहां गायब हैं बालिका वधु की सुगना

बालिका वधु की सुगना कहो या नई महाभारत में सुभद्रा के रुप में पहचान बनाने वाली विभा आनंद. विभा ने उनके पहले टीवी सीरियल बालिका वधु में भोली-भाली मासूम सुगना के रुप में लोगों के दिलों में अपनी एक अलग पहचान बनाई. अब सुगना टीवी से गायब हो गई हैं. तो चलिए आज जानते हैं विभा आनंद के बारे में... 8 सितंबर को देहरादून में जन्मी विभा ने अपने करियर की शुरुआत 2008 में कलर्स टीवी पर आने वाले सीरियल बालिका वधु से की थी. अपने पहले ही शो से विभा ने अपनी एक्टिंग से सभी को अपना कायल कर दिया था और भोली-भाली सुगना के रुप में घर-घर में जानी जाने लगी थीं. उन्हें इस सीरियल से खासी पॉपुलैरिटी मिली. इस सीरियल में उन्हें बेहतरीन एक्टिंग के लिए इंडियन टेली अवॉर्ड फॉर बेस्ट सपोर्टिंग रोल और इंडियन टेलिविजन अवॉर्ड फॉर बेस्ट सपोर्टिंग रोल का अवॉर्ड मिला. इस सीरियल के बाद विभा सुपरनेचुरल पॉवर पर बेस्ड शो श्री में नजर आईं. 2009 में आए सीरियल सुख बाय चांस में भी काम किया पर इन सीरियल में उन्हें वो पॉपुलैरिटी नहीं मिली जो बालिका वधु ने उन्हें दिलाई थी. विभा ने 2009 में ही फिल्म द स्टॉलमैन मर्डर्स%से बड़े पर्दे पर भी डेब्यू किया. 2010 में वो फिल्म इसी लाइफ में दिखाई दीं. हालांकि ये छोटे बजट की फिल्में बड़े पर्दे पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई. ऐसे में उन्होंने फिर छोटे पर्दे पर वापसी की और संस्कार लक्ष्मी, फेयर फाइल्स- डर की सच्ची तस्वीरें, कैरी - रिश्ता खट्टा मीठा, ये है आशिकी और क्राइम पेट्रोल जैसे टीवी सीरियल्स किए. बालिका वधु के



बाद विभा को स्टार प्लस की नई महाभारत में सुभद्रा का रोल मिला. इस टीवी सीरीज में नटखट विभा को सुभद्रा के नटखट अंदाज में दिखाया गया. जो घर-घर में खासा पॉपुलर हुआ. ये टीवी सीरीज लगभग एक साल चली. इस सीरियल के बाद उन्होंने और भी सीरियल किए पर उन्हें वो पॉपुलैरिटी नहीं मिली जो बालिक वधु और महाभारत ने उन्हें दिलाई. आखिरी बार विभा आनंद 2021 में आई डिज्नी हॉटस्टार की सीरीज अनकही अनसुनी में नजर आई थीं. इसके बाद से वो एंटरटेनमेंट से दूर हैं.

## एक नजर...

### भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल मौं द्वारा महात्मा ज्योतिवा राव फुले की जयंती वूथो पर मनाई गई

डॉ. बेताल सिंह गौड़ पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ



भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल मौं द्वारा महात्मा ज्योत्वा राव फुले की जयंती महात्मा बूथ क्रमांक 244 रमतला का पुरा (रतवा) मैं बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से गोपाल सिंह कुशवाह मंडल अध्यक्ष भाजपा एंव रघुराज सिंह गुर्जर पिं वर्ग मोर्चा मण्डल अध्यक्ष डां बेताल गौंड कार्यालय मंत्री उपस्थित रहे मंच संचालन पिं बर्ग मौर्चा महामंत्री डॉ कप्तान कुशबाह ने किया एंव आभार प्रकट परमाल सिंह कुशबाह द्वारा किया गया सभी अतिथियों का स्वागत बेताल कुशबाह द्वारा किया गया। मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने अपने उद्बबोधन में कहा की महात्मा ज्योतिवा राव फुले एक महान विचारक एवं वंचित शोषित गरीबों के एवं समाज सुधारक महान व्यक्तित्व थे जिन्होंने समाज को समरसता में लाने के लिए गरीबों को भी बराबरी पर लाने का भरकस प्रयास किया ऐसे महान महात्मा ज्योतिराव फुले समाज सुधारक थे हम सबको को उनके बिचारो पर चलकर समाज को आगे करे एंव बच्चों को जरुर पडायें। कार्यक्रम मैं सहाब सिंह कुशबाह लाल सिंह कोक सिंह रामदास राय सिंह अतर सिंह बलबीर सिंह बघेल भमर सिंह बघेल लक्ष्क्षीराम गुलाव सिंह जय सिंह सत्यभान सिंह परमाल सिंह कुशबाह रमांशकर बाल्मीकि निर्देश कुशबाह अजीत बघेल अभिलाख कुशबाह,रामबीर कुशबाह सजल कुशबाह लाखन कुशबाह बिजेंन्द सिंह महेश देशराज महाबीर सिंह सहरोंली लाखाराम मनोज कमलेश रणबीर सिंह कुशबाह आदि।

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की तैयारियों का अधीक्षण यंत्री ने किया निरीक्षण

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**गोहद।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की निकाय की तैयारी के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा नियुक्ति नोडल अधिकारी बी के करैया ने गोहद नगरीय क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जिसमे कुछ स्थान पर निकाय की तैयारियां बेहतर मिली। तो वही कुछ स्थानों नाले नालियाँ चौक,एवं नालो मे कचरा मिला। वही डिवाइडर के बगल से एकत्रित धुल मिट्टी को तत्काल हटाने के निर्देश भी दिये गये। बी.के.करैया अधीक्षण यंत्री ने मिली कमियों को दूर करने के लिए सीएमओ को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान नगर के आम नागरिको से स्वच्छता के संबंध में फीडबैक भी लिया गया फीडबैक उपरांत रात्रिकालीन सफाई कराये जाने के निर्देश भी दिये गये। निरीक्षण के समय स्वच्छता नोडल अधिकारी मनोज कुमार उपाध्याय, उपयत्री आकाश त्यागी एमआईएस एक्सपर्ट आशीष शर्मा,एवं अन्य नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

# व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान सम्पन्न

**अंबाह।** महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग में संचालित रसायन परिषद द्वारा व्यक्तित्व विकास विषय पर एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। आइक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित इस व्याख्यानमाला में सनफार्मा लिमिटेड के सीनियर एग्जीक्यूटिव मैनेजर श्री दिनेश सिंह तोमर एवं बिट्स पिलानी की शोधार्थी याशिका तोमर वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। व्याख्यानमाला के आरंभ में महाविद्यालय के आइक्यूएसी प्रभारी एवं रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वी.के. जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय प्रवर्तन किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री दिनेश सिंह तोमर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने इसी महाविद्यालय से स्नातक की उपाधि अर्जित की है और मुझे इस बात पर गर्व है कि हमारा महाविद्यालय अनेक प्रतिभाओं को गढ़ने का काम करता आ रहा है ।मैंने जो कुछ यहां से सीखा उससे रैनबैक्सी और सन फार्मा जैसी बड़ी कम्पनियों में कैरियर बनाने में सफ़लता मिली। अंबाह महाविद्यालय का रसायन विज्ञान विभाग रसायन शास्त्र में एम.एस.सी. करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न फॉर्मास्युटिकल कंपनियों एवं केमिकल कंपनियों में रोजगार के अवसर दे रहा है । यह बहुत प्रसन्नता की बात है ।मैं आप सब लोगों के कैरियर में जितनी भी सहायता कर सकता हूं,उसके लिए सदैव तैयार हूं । व्यक्तित्व विकास पर बोलते हुए



उन्होंने विद्यार्थियों से विनम्र होने, अनुशासित रहने और समाज के लिए समर्पित भाव से काम करने की बात कही इसी क्रम में दूसरे वक्ता के रूप में उपस्थित याशिका तोमर ने डिसीजन मेकिंग प्रोसेस को समझाते हुए विद्यार्थियों को जीवन में सही समय पर सही निर्णय लेने की कला से अवगत कराया । याशिका ने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यार्थियों को कैरियर बिल्डिंग के टिप्स दिए तथा उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में अपना कैरियर कैसे बनाएं इससे संबंधित जानकारी प्रदान की। याशिका ने बताया कि वह राज्य स्तर पर टेनिस की खिलाड़ी भी रह चुकी हैं तथा एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज के माध्यम से उन्होंने बहुत कुछ सीखा है इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज पर भी फोकस करना चाहिए । कार्यक्रम के अंत में जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने दोनों वक्ताओं से विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे । आभार प्रदर्शन रसायन परिषद के परामर्शदाता प्रोफेसर मुकेश श्रीवास ने किया । कार्यक्रम के समाप्त होने पर श्री दिनेश सिंह तोमर ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर जी से से मुलाकात कर महाविद्यालय के विकास हेतु कार्य करने की अपनी इच्छा को बताया तथा महाविद्यालय का भ्रमण कर पूर्व यादों को पुनर्जीवित किया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर कमल भारद्वाज भौतिकी के विभागाध्यक्ष डॉ दिवाकर श्रोत्रिय, डॉक्टर रमाकांत शर्मा श्रीमती रेखा करोरिया सहित अन्य प्राध्यापक गण एवं महाविद्यालय के विभिन्न संकाय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राम किशोर उपाध्याय ने किया।

# पिछड़ा वर्ग समाज की चुनाव में होगी सशक्त भागीदारी : जयश्रीराम

पंकज त्रिपाठी, पुष्पांजली टुडे

मेहगांव/भिण्ड । विधानसभा चुनाव 2023 के लिए कांग्रेस अब जाति-वर्गों को साथ जोड़कर ताकत बढ़ाना चाहती है। इसलिए आज पाल समंवय प्रकोष्ठ के बैनर तले मेहगांव में पिछड़ा

### कमलनाथ ने दिया पिछड़ा वर्ग को 27त्नआरक्षण का लाभ रामशेष

वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक सम्मेलन मेहगांव के सी.आरटी पैलेस में मुख्यातिथि कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री जयश्री राम बघेल ने कहा कांग्रेस पार्टी पिछड़ों को पूरी तवज्जो का वादा पहले ही कर चुकी है । चुनाव में इस समाज की मजबूत भागीदारी रहेगी। और हम सब आज ज्योतिराव फूले की जयंती पर संकल्पित होकर एकता का संकल्प लेते हैं। श्री बघेल ने पूर्व अटेर विधायक हेमंत कटारे की तारीफ करते हुए कहा जब एक बड़े क्षत्रिय नेता ने उन्हें अपमानित करने का प्रयास करते हुए पद से हटाया तो कटारे ने मुझे पूरा सम्मान दिया बल्कि खुद पद छोड़कर मुझे पद देकर सम्मान दिया। मुझे किसी से कोई शिकवा




नहीं और पांचों सीटों पर कांग्रेस की जीत के लिए ताकत से संघर्ष करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस पिछड़ा वर्ग समन्वय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा पिछड़ा वर्ग को केवल कांग्रेस में ही ताकत मिल सकती है। हमारे लोकप्रिय नेता पुर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने पिछड़ा वर्ग को 27त्न आरक्षण का लाभ दिया था लेकिन भाजपा सरकार ने सरकार गिराकर इस बिल को लटका कर रखा है। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही पिछड़ा वर्ग की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित होगी। श्री बघेल ने बघेल समाज को भी पिछड़े वर्ग कोठे से टिकट देने की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कहा कि कांग्रेस सभी वर्गों की हर स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित करेगी। पार्टी को पिछड़ा, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग समाज की समस्याओं के निराकरण की चिंता है। उनकी भागीदारी राजनीति व नौकरियों में बढ़े, समाज का विकास हो, इसके लिए प्रयासों में कोई कमी नहीं आएगी। जिलापंचायत सदस्य संजू जाटव ने कहा कि समाज के वंचित तबके की आवाज हमेशा कांग्रेस रही है। लेकिन भाजपा सरकार में केवल उनका शोषण हो रहा है। कार्यक्रम को रंजीत सिंह गुर्जर, अनिता चौधरी,सुभाष राठौर, इरसाद अहमद, बाबूराम जमौर, इलियास मोहम्मद, मनीष शिवहरे, सौरव पाल, आदि ने संबोधित किया।

### सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष विकास यादव मनोनीत



पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आदेशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष रामायण सिंह पटेल अनुमति से भिण्ड जिलाध्यक्ष नीरज यादव की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी ने विकास यादव किटी को भिण्ड छात्र सभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया।उनके मनोनयन पर सपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### 132 के. व्ही. उपकेन्द्र का मेन्टीनेन्स कार्य होने से विद्युत प्रदाय रहेगा बन्द

**गोहद।** गोहद में 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र जेल रोड़ गोहद में स्थापित 63 एम.वी.ए. पॉवर ट्रासफार्मर का प्री-मानसून मैन्टिनेंस 13.04.2023 को किया जाना है। जिससे उपकेन्द्र से निकलने वाले 33 के.व्ही गोहद फीडर, एण्डोरी फीडर, सर्वा फीडर एंव चितौरा फीडर की विद्युत प्रदाय प्रातः 10:00 से दोपहर 17:00 बजे तक बन्द रहेगी तथा इनसे संबंधित सभी 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों से निकलने वाले सभी 11 के.व्ही. फीडरों का विद्युत प्रदाय वर्णित दिनांक को बन्द रहेगा।आकस्मिक कारणों से विद्युत अवरुद्ध समय में फेरबदल किया जा सकता है।

### माधव इंदापुरकर कुशल राजनेता थे, वे कार्यकर्ताओं की भावनाओं को समझते थेः अभय चौधरी

**ग्वालियर।** कार्यकर्ता श्रद्धेय माधव इंदापुरकर जी को प्यार से अप्पा कहकर संबोधन किया करते थे। वे कुशल राजनेता थे, कार्यकर्ताओं की भावनाओं को समझते थे, तत्पश्चात निर्णय लेते थे। उनमें संगठनात्मक क्षमता अद्भुत थी। किसी की समस्या का निराकरण उनके पास जाने मात्र से हो जाता था। उक्त बात जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने जिला कार्यालय मुखर्जी भवन में पूर्व महापौर एवं पूर्व विधायक श्रद्धेय माधव इंदापुरकर की 14वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांलित सभा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। चौधरी ने कहा कि श्रद्धेय इंदापुरकर भाषणों के बजाय कार्यकर्ताओं को अपने व्यवहार और कृतित्व से सिखाया करते थे। वे कार्यकर्ताओं से प्रायः स्वामी भाषा में चर्चा किया करते थे उनकी आवाज बहुत बुलंद थी यह बात मुझे तब पता लगी जब मैंने अपने प्रचार के लिए स्टूडियो में वीडियो कैसेट बनवाई। उन्होंने इस 10 मिनट की वीडियो कैसेट में बुलंद आवाज के साथ रिकॉर्डिंग की थी।

### मुख्यमंत्री का दिमाग असंतुलित हो गया है,वह मानसिक चिकित्सक को दिखाएं : डॉ. गोविंद सिंह

पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड, पुष्पांजली टुडे



भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह भाजपा पर तंज कसने का कभी कोई मौका नहीं छोड़ते, एक बार फिर उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनका दिमाग खराब हो चुका है। डॉ. गोविंद सिंह ने यह बयान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को वोटों के लिए पागल कहने के परिप्रेक्ष्य में दिया है । मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा दिये गए एक बयान के कारण पूरे प्रदेश में कांग्रेसियों द्वारा मुख्यमंत्री का जगह - जगह पुतला दहन एवं बयानबाजी का सिलसिला चलने लगा। इसी क्रम में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर बड़ा बयान दिया है। डॉ. गोविंद सिंह ने उन्हें मेंटल हॉस्पिटल में चेकअप कराने की सलाह दी है,कि शिवराज सिंह जी को मानसिक चिकित्सक से मिलना चाहिए । नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान की सत्ता अब जाने वाली है, कई क्षेत्रों में बीजेपी की नाव डूब रही है,जब नाव डूबती है तो उसमे सवार व्यक्ति बेचैन होकर हड़बड़ाता है,यही स्थिति शिवराज सिंह चौहान की है, जो अपनी सत्ता जाते देख हड़बड़ा रहे हैं,और इसी हड़बड़ाहट में ऊल - जलूल बातें कर रहे हैं। डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री को सलाह देते हुए कहा है, कि वे कहीं एक अच्छे मानसिक चिकित्सक से अपनी जांच कराएं, ताकि सच्चाई पता चल सके कि मुख्यमंत्री का दिमाग सही है या हॉस्पिटल जाने लायक दिमाग खराब हो चुका है।

# भगवान के जन्म की कथा सुनने से मिलती है पापों से मुक्ति

## अंतर्राष्ट्रीय संत कथावाचक पूज्य चिन्मयानंद बापू ने सुनाई भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा, नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की








**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

लहार। लहार नगर के उपाध्याय गार्डन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अम्बरीष शर्मा गुड्डू भैया द्वारा आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ में पूज्य कथा चिन्मयानंद बापू ने भगवान राम जन्म हिरणाकश्यप वध बालचरित्र श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई।भगवान के जन्म के उपरांत पूरा पंडाल जगमगा उठा और नन्द के आनँद भयो जय कन्हैया लाल की गूँज से पंडाल गूँज उठा।महाराज जी के द्वारा सुंदर भजन गायन के द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के आनँद को आनंदित कर दिया पूज्य बापू ने कहा कि पाप जब बढ़ता है तो भगवान का अवतार होता है उनके अवतार से सब भक्तों का बेड़ा पार होता है।धर्म की स्थापना के लिए भगवान लेते है अवतार उन्होंने कहा माता पिता की सेवा सबसे बड़ा पुण्य होता है माता पिता संसार मे प्रत्यक्ष देवता है।इनकी सेवा ही सबसे बडा भजन है आप भजन न करे,मंदिर न जाये,कथा न सुने चलेगा पर यदि आप अपने माता पिता की सेवा नही करते है तो नही चलेगा,जो व्यक्ति अपने मातापिता को कष्ट देता है वो जीवन मे कभी सुखी नही रह सकता,माता पिता की आँखो से जीवन मे सिर्फ दो ही वार आँसू निकलते है एक जब बेटी घर छोड़कर जाती है तब और दूसरा जब बेटा मुख मोड़ता है तब,भगवान राम ने भी कहा है की वही पुत्र भाग्यवान होता है जो माता पिता के वचनों को मानता है ऐसे व्यक्ति की मुट्ठी मे पुण्य के चारो पदार्थ होते है अर्थ,धर्म,काम,मोक्ष,जिनको माता पिता के लिये बेटा प्राणों से प्रिये होता है,बेटे के लिय कितने भी कष्ट सहन करते है कितनी भी सर्दी पड़ रही हो बालक यदि बिस्तर पर पिसाब कर लेता है तो माँ उसे सूखे मे लेटाकर खुद रात भर गीले मे लेटी रेहती है एक माता के कितने भी बच्चे हो उनका पालन पोषण करने मे उसे कभी कोई कष्ट नही होता है पर विडंबना तो ये है की जब वह बूढ़े हो जाते है तब 10 पुत्र भी मिलकर अपने माता पिता को सुखी नही रख पाते यह व्याख्यान उन्होने श्री मद् भागवत कथा के दौरान कहे इस कथा के पारीक्षत श्रीमति अरुणा नरेश चन्द्र शर्मा ने सभी भक्तों से भक्ति भाव से कथा सुनने का निबेदन किया एवम कथा उपरांत भंडारा प्रसादी ग्रहण करके ही घर जाएं इस मौके पर श्रोता गण भारी संख्या में उपस्थित थे एवं कथा के समापन के बाद आरती में झूमे स्त्रोता श्री भागवत भगवान की है आरती पापिओं के पाप को है तारती यह भागवत भगवान की है आरती पापियों के पाप को है तारती ये अमर ग्रंथ ये मुक्ति पंत ये पंचम बेद निराला रब ज्योति जगाने वाला हरि नाम यही हरि धाम यही जग के मंगल की आरती पापीयो के पाप को है तारती आरती के उपरांत सभी भक्तों को प्रसादी बितरण की गई।

**कथा के उपरांत अनवरत चल रहे भण्डारे में उमड़ा जनसैलाब**–नगर के उपाध्याय गार्डन में चल रही कथा के उपरांत चल रहे अनवरत रूप से भंडारे में जनसैलाब उमड़ा आम नागरिकों के अनुसार भण्डारे में चालीस से पचास हजार भक्तों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।

**ये रहे मौजूद**–भागवत ज्ञान यज्ञ में केपीसिंह जी भदौरिया,मुन्ना सिंह जी भदौरिया पूर्व विधायक,रसाल सिंह पूर्व विधायक, सन्तोष बौहरे,रामकुमार महाते, अशोक चौधरी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, धर्मदास जी शुक्ला क्षेत्रीय संघठन मंत्री, अजय जी पिघल डायरेक्टर, मनोज जी सिघल विश्ववर्धन जी प्रदेश कार्य समिती सदस्य, मधुसुदन जी, अनूप जी अग्रवाल आरोग्यधाम संचालक, कमलेश जी,प्रकाश नरायण दुबे, यशपाल शर्मा जी गोपाल शर्मा जी, शंकर लाल शर्मा, सतोष जी, संजय मड़या, जयदयाल अग्रवाल,लेली अग्रवाल, अभिमन दुबे, शिवकुमार गोस्वामी श्री राम जी उपाध्याय, धर्मेन्द्र सिह जी,श्री श्री 1008 महन्त वानी राणानंद सरस्वती हमीरपुरा आश्रम, राम प्रकाश दुबे, संजीव सुनीता समाधिया, वेदाश दुबे,शिवनरायण तिवारी, रामौतार सिह चच्चू, अंगद, मनीष जोशी, अनूप गोस्वामी ज्योति, दिनेश सिंह जी,संजीव रचना चौधरी आदि भक्तगण प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478